संस्थान के निदेशक प्रशांत शंकर ने बताया कि इंडियन ओलंपियाड क्वालिफायर इन मैथमेटिक्स (आईओक्यूएम) देश की सबसे प्रतिष्ठित गणितीय प्रतियोगिताओं में से एक है। इस परीक्षा के माध्यम से विद्यार्थियों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय गणित ओलंपियाड तक पहुंचने का अवसर मिलता है। इसी लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण मार्गदर्शन देने के लिए यह निःशुल्क बूट कैंप आयोजित किया जा रहा है।



**ओलंपियाड स्तर के सवालों से होगी तैयारी :** बूट कैंप के दौरान विद्यार्थियों को ओलंपियाड स्तर के प्रश्नों का अभ्यास कराया जाएगा। साथ ही तार्किक एवं विश्लेषणात्मक सोच विकसित करने, जटिल समस्याओं के समाधान की आधुनिक तकनीकों तथा परीक्षा में समय प्रबंधन की विशेष ट्रेनिंग दी जाएगी। अनुभवी शिक्षकों द्वारा विशेष व्याख्यान, नियमित अभ्यास सत्र और शंका समाधान कक्षाएं भी आयोजित होंगी।

"हमारा उद्देश्य सीमांचल के विद्यार्थियों को राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के लिए तैयार करना है। यह बूट कैंप उनकी प्रतिभा को सही दिशा देने का प्रयास है।"
— **प्रशांत शंकर, निदेशक, वीवीसीपी**

**वीवीसीपी का रिकॉर्ड रहा शानदार :** संस्थान के जनसंपर्क पदाधिकारी आशीष झा ने बताया कि आईओक्यूएम में वीवीसीपी का प्रदर्शन लगातार उत्कृष्ट रहा है। वर्ष 2024 एवं 2025 में संस्थान के 16 विद्यार्थियों का चयन रीजनल मैथमेटिकल ओलंपियाड (आरएमओ) के लिए हुआ था। दक्षिण बिहार के किसी एक संस्थान से चयनित विद्यार्थियों की यह सर्वाधिक संख्या रही, जो संस्थान की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और विद्यार्थियों की मेहनत का प्रमाण है।

**सीमांचल की प्रतिभाओं को मिलेगा नया मंच :** संस्थान प्रबंधन को उम्मीद है कि इस वर्ष आयोजित बूट कैंप से बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं लाभान्वित होंगे और आईओक्यूएम-2026 में बेहतर प्रदर्शन कर पूर्णिया तथा सीमांचल का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन करेंगे।

**ऐसे करें पंजीकरण**

- कार्यक्रम : निःशुल्क आईओक्यूएम-2026 बूट कैंप
- तिथि : 15 जून से 20 जून 2026
- योग्यता : कक्षा 9वीं, 10वीं, 11वीं एवं 12वीं (पीसीएम)
- स्थान : वीवीसीपी, नवरत्न हाता, पूर्णिया
- संपर्क : 8448440887

# खेलने के दौरान नदी में डुबने से 3 वर्षीय बच्ची की मौत



**न्यूज़ स्केल बैसा**

बैसा (पूर्णियां) प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत बलुआ गोस्तरा गांव निवासीः- मो रहमतुल्लाह की तीन वर्षीय पुत्री - रजिया प्रवीण की खेलने के दौरान नदी में गिर जाने के कारण मृत्यु हो गई। समाज सेवी - मो मुजाहीद आलम उर्फ लडडन आजाद ने जानकारी देते हुए बताया कि पीड़ित परिवार का घर नदी किनारे स्थित है। घर एवं नदी की दुरी मुश्किल से 100 फीट है। शुक्रवार को दिन के लगभग 4 बजे मो रहमतुल्लाह की तीन वर्षीय पुत्री - रजिया प्रवीण खेलने के दौरान नदी में जा गिरी। गिरने के बाद वह गहरे पानी में जाकर डुब गई। इसके बाद काफी खोजबीन के बाद परिजनों ने उनका शव नदी से निकाला। वहीं शव मिलते ही परिजनों में चीख व पुकार मच गई।

# जिला निर्वाचन पदाधिकारी अंशुल कुमार ने ईवीएम-वीवीपैट वेयरहाउस का किया निरीक्षण, सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

**न्यूज़ स्केल पूर्णिया**

जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी अंशुल कुमार ने शुक्रवार को समाहरणालय परिसर स्थित ईवीएम एवं वीवीपैट वेयरहाउस का आंतरिक निरीक्षण किया। इस दौरान विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे और वेयरहाउस में ईवीएम-वीवीपैट के रखरखाव एवं सुरक्षा व्यवस्था पर संतोष व्यक्त किया।

निरीक्षण के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने वेयरहाउस में स्थापित सीसीटीवी कैमरों, अग्निशमन यंत्रों, विद्युत व्यवस्था तथा अन्य सुरक्षा उपकरणों की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को वेयरहाउस परिसर में नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित करने का निर्देश भी दिया।



जिला पदाधिकारी और राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने वेयरहाउस में उपलब्ध सुरक्षा इंतजामों एवं उपकरणों की कार्यक्षमता की समीक्षा की। निरीक्षण के बाद सभी प्रतिनिधियों ने ईवीएम एवं वीवीपैट के सुरक्षित रखरखाव पर संतुष्टि एवं प्रसन्नता व्यक्त की।निरीक्षण के अवसर पर विभिन्न राजनीतिक दलों के अध्यक्ष एवं सचिव, उप निर्वाचन पदाधिकारी, जिला अग्निशमन पदाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

**01: ईवीएम-वीवीपैट वेयरहाउस का किया गया आंतरिक निरीक्षण**

**02 : सीसीटीवी, अग्निशमन यंत्र एवं विद्युत व्यवस्था की हुई जांच**

**03 : राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने जताई संतुष्टि साफ-सफाई बनाए रखने के दिए गए निर्देश**

**04 : कई विभागों के अधिकारी रहे मौजूद।**

# बाल पंचायत गठन को लेकर प्रखंड मुख्यालय में एक दिवसीय प्रशिक्षण-सह-कार्यशाला आयोजित

**न्यूज़ स्केल अमौर**

अमौर प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार भवन में बाल पंचायत गठन को लेकर एक दिवसीय प्रशिक्षण-सह-कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पंचायतों को बच्चों के लिए अधिक सुरक्षित, संवेदनशील और सहभागी बनाना रहा। इसमें पंचायत प्रतिनिधि और कर्मी बड़ी संख्या में शामिल हुए। कार्यक्रम का आयोजन प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी के नेतृत्व में किया गया। नूतन कुमारी ने उपस्थित प्रतिभागियों को बाल हितैषी ग्राम पंचायत की अवधारणा से अवगत कराया और इसके महत्व पर प्रकाश डाला। प्रशिक्षण के दौरान बाल पंचायत के गठन की प्रक्रिया, बच्चों के प्रतिनिधियों के चयन, नियमित बैठकों के आयोजन तथा पंचायत विकास योजनाओं में बच्चों से जुड़े मुद्दों को शामिल करने पर विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यशाला में बताया गया कि इसका मुख्य उद्देश्य बच्चों के अधिकारों की रक्षा करना, उनकी समस्याओं को प्राथमिकता देना तथा निर्णय प्रक्रिया में उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना है। शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, स्वच्छता और बाल संरक्षण को प्रमुख एजेंडा बताया गया। सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) के स्थानीयकरण के तहत सभी ग्राम पंचायतों को चरणबद्ध रूप से बाल हितैषी ग्राम पंचायत के रूप में विकसित करने की बात कही गई। इससे बाल श्रम और बाल विवाह जैसी समस्याओं पर रोक लगाने में मदद मिलेगी। बीपीआरओ ने पंचायत प्रतिनिधियों से अपने-अपने क्षेत्रों में शीघ्र बाल पंचायत गठन प्रक्रिया शुरू करने की अपील की। उन्होंने कहा कि इससे बच्चों को अपनी बात रखने का मंच मिलेगा और पंचायत स्तर पर उनकी समस्याओं का समाधान आसान होगा।



कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागियों ने बाल पंचायत की अवधारणा को व्यवहारिक स्तर पर लागू करने पर सहमति जताई। उन्होंने कहा कि इस पहल से गांवों में बच्चों की समस्याओं की पहचान और समाधान तेजी से हो सकेगा। साथ ही यह बच्चों में नेतृत्व क्षमता विकसित करने और लोकतांत्रिक मूल्यों की समझ बढ़ाने में भी सहायक सिद्ध होगी। अधिकार आधारित विकास की दिशा में इसे महत्वपूर्ण कदम बताया गया। मानते हुए

# जिला परिषद क्षेत्र संख्या-2 का चुनाव परिणाम रद्द, सरोज देवी घोषित विजेता

**न्यूज़ स्केल धमदाहा**

धमदाहा,व्यवहार न्यायालय धमदाहा के न्यायाधीश डॉ. शैलेश कुमार राम ने जिला परिषद निर्वाचन क्षेत्र संख्या-2 (बड़हरा कोठी) के चुनाव परिणाम को शून्य घोषित करते हुए महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है। न्यायालय ने निर्वाचन याचिका पर सुनवाई के बाद सरोज देवी को उक्त क्षेत्र का विधिवत निर्वाचित प्रतिनिधि घोषित कर दिया।

जानकारी के अनुसार, सरोज देवी ने चुनाव परिणाम को चुनौती देते हुए न्यायालय में निर्वाचन याचिका दायर की थी। मामले की सुनवाई के दौरान विपक्षी प्रत्याशी जानी खातून की ओर से याचिका की पोषणीयता को लेकर कई आपत्तियां उठाई गईं। हालांकि अदालत ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने तथा उपलब्ध दस्तावेजों एवं साक्ष्यों की समीक्षा के बाद पाया कि विपक्षी पक्ष अपनी आपत्तियों को प्रमाणित करने में असफल रहा।



सुनवाई के दौरान यह तथ्य भी सामने आया कि जानी खातून द्वारा नामांकन के समय प्रस्तुत किया गया जाति प्रमाण पत्र फर्जी था। न्यायालय ने अपने आदेश में इसे गंभीर अनियमितता मानते हुए कहा कि गलत एवं भ्रामक दस्तावेज के आधार पर चुनाव लड़ना निर्वाचन प्रक्रिया की निष्पक्षता और पवित्रता के विपरीत है।

अदालत ने अपने फैसले में कहा कि निर्वाचन याचिका विधिसम्मत एवं पोषणीय है। चुनाव प्रक्रिया में अनियमितता और जालसाजी के आरोपों को गंभीर मानते हुए न्यायालय ने जिला परिषद क्षेत्र संख्या-2 का पूर्व चुनाव परिणाम निरस्त कर दिया तथा सरोज देवी को निर्वाचित घोषित कर दिया।

फैसले में न्यायालय ने पूर्णिया के जिलाधिकारी को निर्देश दिया है कि जानी खातून के विरुद्ध कथित जालसाजी एवं फर्जी जाति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने के मामले में विधिसम्मत कार्रवाई प्रारंभ की जाए। साथ ही आदेश की प्रति तत्काल जिलाधिकारी को उपलब्ध कराने का निर्देश भी दिया गया है।

इस संबंध में सरोज देवी के अधिवक्ता दिलीप श्रीवास्तव ने बताया कि मामले में लंबे समय तक सुनवाई चली। दोनों पक्षों की ओर से प्रस्तुत साक्ष्यों, दस्तावेजों और कानूनी तर्कों पर विस्तृत विचार-विमर्श के बाद अदालत ने यह महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है। उन्होंने कहा कि न्यायालय ने उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर जानी खातून की जीत को रद्द करते हुए सरोज देवी को जिला परिषद क्षेत्र संख्या-2 से विधिवत निर्वाचित घोषित किया है। अधिवक्ता ने इसे निर्वाचन प्रक्रिया में पारदर्शिता और कानून के शासन को मजबूत करने वाला ऐतिहासिक निर्णय बताया।

न्यायालय के इस निर्णय के बाद जहां सरोज देवी के समर्थकों ने इसे सच्चाई की जीत बताते हुए जश्न मनाया वहीं विपक्षी खेमे में मायूसी छाई हुई है,इधर बड़हरा कोठी क्षेत्र की राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं।

# बाल श्रम उन्मूलन के लिए अधिकारियों-कर्मियों ने ली शपथ

**न्यूज़ स्केल केनगर**

विश्व बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर शुक्रवार को केनगर प्रखंड कार्यालय परिसर में प्रखंड एवं अंचल के अधिकारियों तथा कर्मियों ने बाल श्रम के खिलाफ शपथ ग्रहण कर इसके उन्मूलन का संकल्प लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य बाल श्रम के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना तथा बच्चों के शिक्षा, सुरक्षा और अधिकारों की रक्षा के लिए सामूहिक प्रतिबद्धता को मजबूत करना था।




इस मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) आशीष कुमार ने उपस्थित अधिकारियों और कर्मियों को शपथ दिलाई। सभी ने संकल्प लिया कि वे किसी भी रूप में बाल श्रम का समर्थन नहीं करेंगे और न ही उसे बढ़ावा देंगे। साथ ही 14 वर्ष से कम आयु के बच्चों से किसी प्रकार का श्रम कार्य नहीं कराने तथा समाज में बाल श्रम के विरुद्ध निरंतर जागरूकता फैलाने की प्रतिज्ञा की।

कार्यक्रम में प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी सह प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी मुकेश कुमार वर्मा समेत प्रखंड एवं अंचल कार्यालय के दर्जनों अधिकारी और कर्मी उपस्थित रहे।

# नो व्हीकल डे का दिखा असर : डीएम अंशुल कुमार पैदल पहुंचे कार्यालय, नागरिकों से ईंधन बचाने की अपील

**न्यूज़ स्केल पूर्णिया**



प्रधानमंत्री के "नो व्हीकल डे" आह्वान का असर पूर्णिया में स्पष्ट रूप से देखने को मिला। जिला प्रशासन ने इस अभियान को गंभीरता से लागू करते हुए अधिकारियों और कर्मचारियों को पैदल, साइकिल अथवा सार्वजनिक परिवहन के माध्यम से कार्यालय पहुंचने के लिए प्रेरित किया।

शुक्रवार को जिला पदाधिकारी अंशुल कुमार स्वयं अपने आवास से करीब दो किलोमीटर पैदल चलकर समाहरणालय स्थित कार्यालय पहुंचे। उन्होंने कार्यालय से लौटते समय भी पैदल यात्रा की। उनके साथ कई वरीय अधिकारी भी निजी वाहनों का उपयोग छोड़कर पैदल, साइकिल या सार्वजनिक वाहनों से कार्यालय पहुंचे।

मीडिया से बातचीत में डीएम ने कहा कि वैश्विक परिस्थितियों और ईंधन बचत की आवश्यकता को देखते हुए प्रधानमंत्री की अपील पर यह पहल की जा रही है। उन्होंने बताया कि पैदल चलने के दौरान उन्हें आम लोगों की समस्याओं और शहर में लगने वाले जाम की स्थिति को करीब से देखने का अवसर मिला।

डीएम ने नागरिकों से अपील की कि वे ईंधन की बचत के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण के लिए भी इस अभियान में भागीदारी करें। प्रशासन की इस पहल से शहरवासियों के बीच सकारात्मक संदेश गया है तथा लोगों में वैकल्पिक परिवहन के उपयोग को लेकर जागरूकता बढ़ी है।

## मरंगा थाना पहुंचे आईजी विवेकानंद, लंबित कांडों के त्वरित निष्पादन का दिया निर्देश

**न्यूज़ स्केल हरदा**

- थाना व्यवस्था, अनुसंधान की प्रगति और जनसुविधाओं का लिया जायजा, पुलिस पदाधिकारियों से की गहन पूछताछ



पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) पूर्णिया प्रक्षेत्र विवेकानंद ने शुक्रवार को मरंगा थाना का औचक निरीक्षण कर पुलिस कार्यप्रणाली, लंबित मामलों की स्थिति तथा थाना परिसर में उपलब्ध जनसुविधाओं की विस्तार से समीक्षा की।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने लंबित कांडों के शीघ्र निष्पादन पर विशेष जोर देते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

आईजी ने थाना अभिलेखों और विभिन्न कांडों की प्रगति का अवलोकन करते हुए चोरी, लूट, धोखाधड़ी सहित अन्य मामलों की जांच की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने लंबे समय से लंबित मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निष्पादित करने तथा अनुसंधान में तेजी लाने का निर्देश दिया।

निरीक्षण के क्रम में आईजी ने मरंगा थानाध्यक्ष कौशल कुमार, कामाख्या ओपी प्रभारी राहुल कुमार, सुदिन टीओपी एवं बियाडा ओपी प्रभारी समेत एसआई और एएसआई स्तर के पुलिस पदाधिकारियों से बारीकी से पूछताछ की। उन्होंने थाना में उपलब्ध तकनीकी संसाधनों की भी समीक्षा की तथा यह जानकारी ली कि लैपटॉप एवं अन्य डिजिटल उपकरण किस पदाधिकारी के पास हैं और उनका उपयोग किस प्रकार किया जा रहा है।

आईजी ने थाना परिसर में आम नागरिकों के लिए बैठने की व्यवस्था, पेयजल, स्वच्छता और अन्य बुनियादी सुविधाओं का भी निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि थाना आमजन के लिए न्याय और सहायता का पहला केंद्र है, इसलिए यहां आने वाले लोगों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना पुलिस की प्राथमिक जिम्मेदारी है।निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक स्वीटी सहरावत भी मौजूद रहीं। आईजी के मरंगा थाना पहुंचने पर पुलिस बल द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर देकर सम्मानपूर्वक सलामी दी गई।

NHAI के साथ अहम बैठक में राजमहल-बहादुरगंज एक्सप्रेसवे

# कोशी-सीमांचल की बदलेगी तस्वीर : पप्पू यादव ने रखा नए एक्सप्रेसवे और राष्ट्रीय राजमार्गों का खाका

## कोढ़ा-कटिहार-मालदा हाईवे विस्तार और बाबा सिंहेश्वर धाम को राष्ट्रीय सड़क नेटवर्क से जोड़ने का प्रस्ताव

**न्यूज़ स्केल पूर्णिया**



कोशी-सीमांचल को देश के प्रमुख आर्थिक और औद्योगिक गलियारों से जोड़ने की दिशा में पूर्णिया सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव ने बड़ी पहल की है। नई दिल्ली में भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (NHAI) के सदस्य अनिल चौधरी के साथ हुई उच्चस्तरीय बैठक में सांसद ने क्षेत्र के लिए कई महत्वाकांक्षी सड़क एवं एक्सप्रेसवे परियोजनाओं का प्रस्ताव रखते हुए उनके शीघ्र क्रियान्वयन की मांग की।

बैठक में सांसद ने राजमहल (झारखंड) से गंगा नदी पार कर कटिहार, प्राणपुर, डगरुआ और बायसी होते हुए बहादुरगंज तक नए एक्सप्रेसवे के निर्माण का प्रस्ताव रखा। यह मार्ग आगे गोरखपुर-सिलीगुड़ी एक्सप्रेसवे से जुड़ेगा, जिससे सीमांचल, झारखंड, पश्चिम बंगाल और पूर्वोत्तर भारत के बीच संपर्क और व्यापार को नई गति मिलेगी।

सांसदनेकोढ़ा-कटिहार-मालदा राष्ट्रीय राजमार्ग के विस्तार और सुदृढ़ीकरण की आवश्यकता पर भी बल दिया। इसके साथ ही पटना-पूर्णिया एक्सप्रेसवे को मुरलीगंज तक जोड़ने तथा गोरखपुर-सिलीगुड़ी एक्सप्रेसवे को सिमराही से बाबा सिंहेश्वर स्थान तक विस्तारित करने का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण बाबा सिंहेश्वर धाम को राष्ट्रीय सड़क नेटवर्क से जोड़ने से पर्यटन और स्थानीय अर्थव्यवस्था को व्यापक लाभ मिलेगा।

**‘मजबूत सड़क नेटवर्क ही विकास की आधारशिला’**



सांसद पप्पू यादव ने कहा कि कोशी-सीमांचल के किसी भी हिस्से को विकास की मुख्यधारा से पीछे नहीं रहने दिया जाएगा। आधुनिक सड़क एवं एक्सप्रेसवे नेटवर्क क्षेत्र में निवेश आकर्षित करेगा, व्यापार को बढ़ावा देगा और आर्थिक गतिविधियों को नई दिशा प्रदान करेगा।

पप्पू यादव ने प्रस्तावित राजमहल-बहादुरगंज एक्सप्रेसवे को पटना-पूर्णिया एक्सप्रेसवे से जोड़ने की भी वकालत की। उनका कहना था कि बेहतर सड़क संपर्क से क्षेत्र में व्यापार, उद्योग, कृषि और पर्यटन को नया विस्तार मिलेगा तथा युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। किसानों को अपनी उपज बड़े बाजारों तक पहुंचाने में भी सुविधा होगी।

बैठक के दौरान सांसद ने जानकारी दी कि कुर्सेला, नवगछिया, नवलाल चौक, हरदा और कोढ़ा में ओवरब्रिज निर्माण को स्वीकृति मिल चुकी है तथा टेंडर प्रक्रिया शुरू हो गई है। वहीं पूर्णिया, डगरुआ और बैसी को जोड़ने वाले नए राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजना पर भी सकारात्मक प्रगति हो रही है।

सांसद ने बैठक को अत्यंत सकारात्मक बताते हुए कहा कि NHAI ने सभी प्रस्तावों पर गंभीरतापूर्वक विचार करने और आवश्यक प्रक्रियाओं को आगे बढ़ाने का भरोसा दिया है। उन्होंने विश्वास जताया कि इन परियोजनाओं के धरातल पर उतरने के बाद कोशी-सीमांचल क्षेत्र पूर्वी भारत के विकास मानचित्र पर नई पहचान बनाएगा और झारखंड, पश्चिम बंगाल, असम तथा उत्तर प्रदेश से इसकी कनेक्टिविटी अभूतपूर्व रूप से मजबूत होगी।

# वचन की रक्षा के लिए देह का दान : राजा शिवि की अद्भुत कथा बताती है कि सच्चा धर्म सत्ता नहीं, बल्कि करुणा, त्याग और प्रतिबद्धता में बसता है

**न्यूज़ स्केल पूर्णिया**

> “शरणागत की रक्षा के लिए जिसने अपना शरीर तक दान कर दिया, वही इतिहास में ‘देहदानी राजा शिवि’ के नाम से अमर हुआ।”



राजा शिवि की अद्भुत कथा बताती है कि सच्चा धर्म सत्ता नहीं, बल्कि करुणा, त्याग और प्रतिबद्धता में बसता है मानव इतिहास और भारतीय संस्कृति में ऐसे अनेक चरित्र मिलते हैं जिन्होंने अपने आचरण से धर्म की परिभाषा गढ़ी। उनमें राजा शिवि का नाम सर्वोपरि है। उनकी दानशीलता, न्यायप्रियता और शरणागत की रक्षा के प्रति अटूट निष्ठा आज भी आदर्श शासन और मानवीय मूल्यों का अनुपम उदाहरण मानी जाती है।

कहा जाता है कि राजा शिवि की कीर्ति केवल पृथ्वी तक सीमित नहीं थी। उनकी उदारता और धर्मपरायणता की चर्चा स्वर्गलोक तक पहुंच चुकी थी। उनकी परीक्षा लेने के लिए देवताओं के राजा इन्द्र और अग्निदेव ने एक योजना बनाई। अग्निदेव कबूतर का रूप धारण कर आए और इन्द्र बाज बन गए।

एक दिन राजा शिवि अपने दरबार में बैठे थे कि अचानक एक भयभीत कबूतर उड़ता हुआ उनकी गोद में आ गिरा। कांपते हुए उसने कहा, “महाराज, मैं आपकी शरण में आया हूं। मुझे बचा लीजिए।”

राजा ने बिना किसी संकोच के उसे अभयदान देते हुए कहा, “जब तक मैं जीवित हूं, तुम्हें कोई हानि नहीं पहुंचा सकता।”

इतने में एक बाज वहां आ पहुंचा। उसने राजा से कहा, “महाराज, यह कबूतर मेरा आहार है। आप इसे मुझे लौटा दीजिए। मेरे भोजन का अधिकार मुझसे मत छीनिए।”

राजा शिवि दुविधा में थे। एक ओर शरणागत की रक्षा का वचन था, दूसरी ओर बाज की जीविका का प्रश्न। बाज ने तर्क दिया कि यदि उसका भोजन छीन लिया गया तो वह भूखा मर जाएगा और यह भी अन्याय होगा। उसने यहां तक कहा कि जो राजा अपनी प्रजा को उसके अधिकार से वंचित करता है, वह धर्म से भटक जाता है।

राजा ने बाज की बात को स्वीकार किया, लेकिन अपने वचन से पीछे हटने से इनकार कर दिया। अंततः उन्होंने समाधान सुझाया कि कबूतर के बराबर अपने शरीर का मांस काटकर बाज को दे देंगे।

दरबार में तराजू मंगाया गया। एक पलड़े में कबूतर को बैठाया गया और दूसरे में राजा ने अपनी जंघा से मांस काटकर रखा। किंतु आश्चर्य, कबूतर वाला पलड़ा भारी ही रहा। राजा बार-बार अपने शरीर से मांस काटकर रखते गए, लेकिन संतुलन नहीं बना।

जब कोई उपाय शेष नहीं रहा तो रक्तरंजित अवस्था में स्वयं राजा शिवि तराजू के दूसरे पलड़े पर बैठ गए। उसी क्षण तराजू झुक गया और पूरा दरबार स्तब्ध रह गया।

तभी आकाश से पुष्पवर्षा होने लगी। कबूतर और बाज अपने वास्तविक स्वरूप में प्रकट हुए। वे कोई साधारण पक्षी नहीं, बल्कि अग्निदेव और देवराज इन्द्र थे। उन्होंने राजा शिवि की परीक्षा ली थी और उनकी करुणा, सत्यनिष्ठा तथा त्याग के आगे नतमस्तक हो गए।

इन्द्र ने कहा, “राजन, आपने एक शरणागत की रक्षा के लिए अपने प्राणों तक की परवाह नहीं की। जब तक पृथ्वी और आकाश विद्यमान रहेंगे, आपकी कीर्ति अमर रहेगी।” अग्निदेव ने भी उन्हें वरदान दिया कि अग्नि कभी उनका अहित नहीं करेगी।

राजा शिवि की यह कथा केवल धार्मिक आख्यान नहीं, बल्कि मानवीय मूल्यों का जीवंत संदेश है। आज जब स्वार्थ और अवसरवादिता का दौर है, तब यह प्रसंग हमें याद दिलाता है कि सच्ची महानता शक्ति या संपत्ति में नहीं, बल्कि अपने वचन पर अडिग रहने और दूसरों के लिए त्याग करने में निहित है।

राजा शिवि का जीवन हमें सिखाता है कि करुणा, न्याय और परोपकार ऐसे गुण हैं जो मनुष्य को देवताओं से भी श्रेष्ठ बना देते हैं। :::

# जीएलएम कॉलेज परीक्षा केंद्र पर सभी परीक्षाएं शांतिपूर्ण एवं निष्कंटक जारी

**न्यूज़ स्केल बनमनखी**

- मुरलीगंज के इग्नू परीक्षा केंद्र निरस्त होने से बढ़ा परीक्षार्थियों का भार : डॉ. प्रमोद भारतीय




स्थानीय गोरेलाल मेहता (जीएलएम) कॉलेज में इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) एवं पूर्णिया विश्वविद्यालय की सत्रांत परीक्षाएं शांतिपूर्ण एवं निष्कंटक रूप से संचालित की जा रही हैं। इग्नू की परीक्षाएं 1 जून से ही लगातार जारी हैं, जबकि पूर्णिया विश्वविद्यालय की परीक्षाएं शुक्रवार से प्रारंभ हुई हैं। कॉलेज प्रशासन द्वारा परीक्षार्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं। पूर्व की भांति इस बार भी परीक्षार्थियों को कॉलेज के क्रीड़ांगन की ओर से प्रवेश दिया जा रहा है। बारिश की स्थिति में बिना वाहन वाले छात्रों को मुख्य द्वार से प्रवेश की अनुमति दी जा रही है, जबकि वाहन से आने वाले परीक्षार्थियों को क्रीड़ांगन स्थित शेड में वाहन पार्क कर पीछे के द्वार से प्रवेश करना अनिवार्य किया गया है।

कॉलेज के प्रवक्ता बाबुल कुमार शर्मा ने बताया कि छोटे बच्चों अथवा नवजात शिशुओं के साथ आने वाले परीक्षार्थियों एवं उनके परिजनों के लिए परिसर में पेड़ों के नीचे बैठने की विशेष व्यवस्था की गई है। इसके अलावा परिसर में कई स्थानों पर पानी के नल तथा शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के लिए आरओ प्लांट की व्यवस्था भी की गई है।

उन्होंने बताया कि परीक्षा केंद्र परिसर में तंबाकू, पान, गुटखा एवं अन्य नशीले पदार्थों के सेवन पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है, ताकि परीक्षा का वातावरण स्वच्छ एवं अनुशासित बना रहे।

कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. प्रमोद भारतीय ने बताया कि इस बार इग्नू के मुरलीगंज स्थित के.पी. कॉलेज परीक्षा केंद्र के निरस्त होने के कारण वहां के सभी परीक्षार्थियों की परीक्षा भी जीएलएम कॉलेज केंद्र पर आयोजित की जा रही है। इससे परीक्षार्थियों की संख्या में वृद्धि हुई है और प्रशासनिक दबाव भी बढ़ा है, लेकिन कॉलेज प्रशासन पूरी स्थिति पर नजर बनाए हुए है। उन्होंने कहा कि अतिरिक्त भार के बावजूद सभी परीक्षाएं सुव्यवस्थित, शांतिपूर्ण एवं निर्बाध रूप से संपन्न कराई जा रही हैं तथा परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होने दी जा रही है।

# टिटवेट का इंजेक्शन लगते ही 10 वर्षीय बालक की मौत, झोलाछाप चिकित्सक समेत चार पर केस

## कील चुभने के बाद इलाज के लिए ले गए थे परिजन, इंजेक्शन लगते ही बिगड़ी हालत

**न्यूज़ स्केल केनगर**



चम्पानगर थाना क्षेत्र के जगनी पंचायत के सौराहा महादलित टोला में गुरुवार की देर शाम एक दर्दनाक घटना में 10 वर्षीय बालक लखन कुमार की मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि पैर में कील चुभने के बाद इलाज के लिए ले जाए गए बच्चे को ग्रामीण चिकित्सक द्वारा टिटवेट का इंजेक्शन लगाया गया, जिसके कुछ ही मिनट बाद उसकी तबीयत बिगड़ गई और अस्पताल पहुंचने से पहले ही उसने दम तोड़ दिया।

**इंजेक्शन के बाद मुंह से निकलने लगा झाग:** मृतक के परिजनों के अनुसार, सौराहा निवासी खाद एवं बीज व्यवसायी सह निजी ग्रामीण चिकित्सक धीरज मेहता ने बच्चे को इंजेक्शन लगाया था। इंजेक्शन लगने के कुछ ही देर बाद बच्चे के मुंह से झाग निकलने लगा। परिजन उसे तत्काल अस्पताल ले जाने लगे, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई।

**पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर कराया पोस्टमार्टम:** घटना के बाद परिजन शव लेकर घर लौट आए। शुक्रवार सुबह सूचना मिलने पर चम्पानगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जीएमसीएच पूर्णिया भेजा। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

**चार लोगों के खिलाफ दर्ज हुई नामजद प्राथमिकी:** मृतक की बड़ी मां के फर्द बयान पर मुख्य आरोपी धीरज मेहता समेत चार लोगों के विरुद्ध नामजद प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

**परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल, बस्ती में पसरा मातम**

तीन भाइयों में सबसे छोटे लखन कुमार की मौत से उसकी मां अनिता देवी, पिता सिकंदर ऋषि और अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पूरे महादलित टोला में शोक का माहौल है और ग्रामीण घटना से स्तब्ध हैं।

**झोलाछाप चिकित्सकों पर फिर उठे सवाल:** इस घटना के बाद ग्रामीण क्षेत्रों में सक्रिय कथित झोलाछाप चिकित्सकों की कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगे हैं। स्थानीय लोगों ने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई तथा ऐसे अवैध चिकित्सकीय कार्यों पर रोक लगाने की मांग की है।

**जांच के बाद होगी कानूनी कार्रवाई : थानाध्यक्ष**

चम्पानगर थानाध्यक्ष अनुपम राज ने बताया कि परिजनों के आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। मामले की सभी बिंदुओं पर जांच की जा रही है और जांच के आधार पर विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी।

**फैक्ट फाइल**

मृतकः लखन कुमार (10 वर्ष)
पिताः सिकंदर ऋषि
गांवः सौराहा महादलित टोला, जगनी पंचायत
थानाः चम्पानगर
घटना का समयः गुरुवार रात करीब 8 बजे
आरोपीः धीरज मेहता समेत चार लोग
कार्रवाईः प्राथमिकी दर्ज, जांच जारी
पोस्टमार्टमः जीएमसीएच पूर्णिया में सम्पन्न।

# सिपाही भर्ती परीक्षा को लेकर प्रशासन अलर्ट

## डीएम-एसपी ने अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश

### 14 व 17 जून को 19 केंद्रों पर होगी परीक्षा, मोबाइल व इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों पर पूर्ण प्रतिबंध

**न्यूज स्केल अररिया**

केंद्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती) द्वारा आयोजित लिखित परीक्षा-2026 के सफल, निष्पक्ष एवं कदाचारमुक्त संचालन को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां पूरी कर ली हैं। जिला पदाधिकारी विनोद दूहन एवं पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र कुमार की संयुक्त अध्यक्षता में आयोजित ब्रीफिंग बैठक में सभी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। जिले के 19 परीक्षा केंद्रों पर 14 एवं 17 जून को दो पालियों में परीक्षा होगी। परीक्षा केंद्रों पर सख्त फिस्किंग, बायोमेट्रिक सत्यापन, CCTV निगरानी एवं वीडियोग्राफी की व्यवस्था रहेगी। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि मोबाइल फोन व अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के साथ प्रवेश पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा।



**परीक्षा की मुख्य जानकारी**

| | |
|---|---|
| परीक्षा तिथि: | 14 जून 2026 एवं 17 जून 2026 |
| परीक्षा पाली: | प्रथम पाली – सुबह 10:00 बजे से 12:00 बजे तक<br>द्वितीय पाली – अपराह्न 03:00 बजे से 05:00 बजे तक |
| रिपोर्टिंग समय: | प्रथम पाली – सुबह 08:00 बजे<br>द्वितीय पाली – दोपहर 01:00 बजे |
| कुल परीक्षा केंद्र: | 19 परीक्षा केंद्र (अररिया जिला) |

**------------------ महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश ------------------**

- वैध प्रवेश पत्र एवं फोटो पहचान-पत्र के बिना किसी भी अभ्यर्थी को प्रवेश नहीं मिलेगा।
- मोबाइल फोन, स्मार्ट वॉच सहित सभी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण पूर्णतः प्रतिबंधित रहेंगे।
- सभी अभ्यर्थियों की सख्त फिस्किंग एवं पहचान-पत्र जांच के बाद ही प्रवेश दिया जाएगा।
- प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर फोटोग्राफी, वीडियोग्राफी, बायोमेट्रिक सत्यापन एवं CCTV निगरानी की व्यवस्था रहेगी।
- महिला अभ्यर्थियों की जांच महिला पुलिस पदाधिकारी एवं महिला बल द्वारा अलग कक्ष में की जाएगी।
- सभी परीक्षा केंद्रों की लाइव स्ट्रीमिंग जिला नियंत्रण कक्ष से मॉनिटर की जाएगी।

**जिला नियंत्रण कक्ष**
---------------
समाहरणालय, अररिया
दूरभाष संख्या: 06453-222309

**प्रशासन की अपील**

सभी अभ्यर्थी निर्धारित समय से पूर्व परीक्षा केंद्र पर पहुंचें, आवश्यक पहचान-पत्र साथ रखें तथा सभी दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए शांतिपूर्ण एवं कदाचारमुक्त परीक्षा संचालन में सहयोग करें।

**हमारा संकल्प**
--------------
"कदाचार मुक्त परीक्षा, बेहतर भविष्य"
जिला प्रशासन, अररिया

# जिला निबंधन कार्यालय के निरीक्षण में डीएम ने पारदर्शिता पर दिया जोर

**अररिया** (हि.स.)। ।जिला पदाधिकारी विनोद दूहन ने शुक्रवार को जिला निबंधन कार्यालय, अररिया का निरीक्षण कर कार्यालय की कार्यप्रणाली, अभिलेखों के रखरखाव और राजस्व संबंधी व्यवस्थाओं की समीक्षा की। उन्होंने निबंधन प्रक्रिया के विभिन्न काउंटरों का अवलोकन कर आम नागरिकों को उपलब्ध कराई जा रही सेवाओं की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान डीएम ने कार्यालय के विभिन्न कक्षों, कर्मियों को आवंटित कार्यों तथा उनके निष्पादन की स्थिति की जांच की। हाल ही में निबंधन से



जुड़े एक प्राथमिकी मामले के बाद की गई कार्रवाई की जानकारी लेते हुए उन्होंने संबंधित मामलों में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने विशेष रूप से कहा कि स्थल जांच की प्रक्रिया पूरी तरह निष्पक्ष और पारदर्शी होनी चाहिए। जिला पदाधिकारी ने रोकड़ बही, सेवापुस्तिका, गोपनीय चारित्रिकी, पावर ऑफ अटॉर्नी पंजी सहित महत्वपूर्ण अभिलेखों का भी अवलोकन किया। साथ ही खोज एवं नकल कार्य से प्राप्त राशि को अगले दिन अनिवार्य रूप से कोषागार में जमा कराने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी अधिकारियों और कर्मियों को समयबद्ध, पारदर्शी एवं जनहितकारी तरीके से कार्य निष्पादन सुनिश्चित करने को कहा।

# किशनगंज में जीविका दीदियों के चाय उत्पादन कार्य की सराहना

**किशनगंज** (हि.स.)।

**महानंदा लीफ चायपत्ती उत्पादन प्रक्रिया का लिया जायजा।**
---------------
**चायपत्ती की गुणवत्ता, प्रसंस्करण और पैकेजिंग व्यवस्था देखी।**
---------------

प्रधान महालेखाकार बिहार संतोष कुमार, उप महालेखाकार ओमकार तथा जिला पदाधिकारी किशनगंज विशाल राज ने पोठिया स्थित टी फैक्ट्री का



निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जीविका दीदियों द्वारा संचालित महानंदा लीफ चायपत्ती उत्पादन इकाई का अवलोकन किया और उत्पादन की पूरी प्रक्रिया की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने चायपत्ती की गुणवत्ता, प्रसंस्करण और पैकेजिंग व्यवस्था का जायजा लिया। प्रधान महालेखाकार ने जीविका दीदियों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि किशनगंज की महिलाओं ने उद्यमिता के क्षेत्र में प्रेरणादायी उदाहरण प्रस्तुत किया है। उन्होंने कहा कि जीविका के माध्यम से महिलाएं आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन रही हैं तथा समाज को नई दिशा दे रही हैं। अधिकारियों ने इस पहल को ग्रामीण महिलाओं के सशक्तीकरण और स्थानीय रोजगार सृजन की दृष्टि से महत्वपूर्ण बताया।

# अपराध नियंत्रण को लेकर एसपी सख्त, एएनटीएफ का गठन

## अपराध नियंत्रण और नागरिक केंद्रित पुलिसिंग पर जोर

**न्यूज स्केल किसनगंज**

किशनगंज जिले में अपराध नियंत्रण और विधि-व्यवस्था को मजबूत बनाने के उद्देश्य से पुलिस सभागार में मई माह की मासिक अपराध गोष्ठी एवं पुलिस सभा आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार ने की। इस दौरान पुलिसिंग व्यवस्था को अधिक प्रभावी बनाने के लिए 21 महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए गए। साथ ही मादक पदार्थों की तस्करी पर रोक लगाने के लिए





एंटी-नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) का गठन किया गया।

**उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी सम्मानित**

बैठक में सराहनीय कार्य करने वाले पुलिस अधिकारियों और कर्मियों को सम्मानित किया गया। पुलिस उपाधीक्षक (यातायात), एक पुलिस निरीक्षक, एक अवर निरीक्षक और एक सहायक अवर निरीक्षक को प्रशस्ति पत्र दिया गया। वहीं बेहतर अभियोजन कार्य के लिए पांच पीपी-एपीओ को भी सम्मानित किया गया। एसपी ने प्रत्येक थाना में एक क्राइम एसआई, एक तकनीकी एसआई और एक कोर्ट नोडल पदाधिकारी नियुक्त करने का निर्देश दिया।

**जन शिकायतों के त्वरित निष्पादन पर जोर:** पुलिस अधीक्षक ने सभी थानाध्यक्षों को आम लोगों के साथ शालीन व्यवहार करने और जन-सुनवाई में प्राप्त शिकायतों का त्वरित निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि गलत व्यवहार करने वाले पुलिसकर्मियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही पॉक्सो और एनडीपीएस अधिनियम सहित तकनीकी विषयों पर पुलिस अधिकारियों को प्रशिक्षित करने पर बल दिया गया।

**मुहर्रम और साइबर अपराध पर विशेष निगरानी :** बैठक में साइबर अपराध, फर्जी दस्तावेज बनाकर ठगी करने वाले गिरोह, मानव तस्करी और रेल अपराधों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए गए। आगामी मुहर्रम पर्व को देखते हुए अधिकारियों को संवेदनशील क्षेत्रों पर नजर रखने, भूमि विवादों की निगरानी करने तथा आवश्यक निरोधात्मक कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा गया। यातायात व्यवस्था सुधारने और बिना हेलमेट वाहन चलाने वालों के खिलाफ भी सख्ती बरतने के निर्देश दिए गए।

# सबका सम्मान—जीवन आसान के तहत लगभग 21 मामलों की हुई सुनवाई

**भागलपुर** (हि.स.)। बिहार सरकार की 7 निश्चय-3 योजना के अंतर्गत संचालित 'सबका सम्मान—जीवन आसान' कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को समीक्षा भवन में जनसुनवाई आयोजित की गई। जिलाधिकारी डॉ. नवल किशोर चौधरी की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में लगभग 21 आवेदनों पर सुनवाई की गई। इनमें लंबित पेंशन, भूमि विवाद तथा अन्य जनसमस्याओं से जुड़े मामले प्रमुख रहे। सुनवाई के दौरान जिलाधिकारी ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को



शिकायतों के त्वरित, निष्पक्ष और प्रभावी निष्पादन के निर्देश दिए। कार्यक्रम के तहत जिला, प्रखंड, अंचल और थाना स्तर पर भी आम नागरिकों की समस्याएं सुनी गईं। सभी शिकायतों का विधिवत पंजीकरण कर आवेदकों को प्राप्ति रसीद उपलब्ध कराई गई। जनसुविधा के लिए बैठने, पेयजल और शौचालय की समुचित व्यवस्था भी की गई। प्रशासन ने कहा कि इस पहल का उद्देश्य आम लोगों की समस्याओं का शीघ्र समाधान सुनिश्चित कर सुशासन को मजबूत करना है।

# वेतन नहीं मिलने से एमबीए विभाग के कर्मचारी बेहाल

**भागलपुर,** (हि.स.)। तिलकामांझी भागलपुर विश्वविद्यालय के एमबीए विभाग में कार्यरत टीचिंग और नॉन-टीचिंग स्टाफ पिछले 10 महीनों से मानदेय नहीं मिलने के कारण गंभीर आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं। कर्मचारियों का कहना है कि नियमित आय बंद होने से परिवार चलाना मुश्किल हो गया है और बच्चों की पढ़ाई तक प्रभावित हो रही है। विभाग के फैकल्टी सदस्य डॉ. पंकज कुमार, डॉ. हारिश कुमार, ब्यूटी कुमारी, डॉ. काजी कमरान तथा कर्मचारी डॉ. आशीष कुमार और पंकज चौधरी ने बताया कि कई




बार मानदेय भुगतान की मांग उठाने के बावजूद अब तक कोई ठोस समाधान नहीं निकला है। उनका कहना है कि वे भुखमरी जैसी स्थिति का सामना कर रहे हैं और परिवार आर्थिक तंगी से गुजर रहा है।

कर्मचारियों के अनुसार, जब वे अपनी समस्या लेकर विभागीय निदेशक के पास जाते हैं तो उन्हें विश्वविद्यालय प्रशासन से संपर्क करने की सलाह दी जाती है। वहीं विश्वविद्यालय प्रशासन ने मामले में सकारात्मक पहल का आश्वासन दिया है। बताया जा रहा है कि एमबीए विभाग की आय-व्यय, मानदेय भुगतान और सेवा अवधि विस्तार को लेकर गठित जांच समिति ने फरवरी में ही अपनी रिपोर्ट प्रभारी कुलपति को सौंप दी थी।

इसके बाद भुगतान और सेवा विस्तार की प्रक्रिया आगे बढ़ाने के लिए आवश्यक दस्तावेज भेजे जाने को लेकर विवाद की स्थिति बनी रही। हालांकि विभाग की निदेशक प्रो. निर्मला कुमारी ने स्पष्ट किया कि मानदेय भुगतान और परफॉर्मेंस रिपोर्ट सहित सभी आवश्यक फाइलें काफी पहले विश्वविद्यालय को भेजी जा चुकी हैं और कर्मियों के भुगतान तथा सेवा अवधि विस्तार के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

# 12 जून से फिर पटरी पर दौड़ीं तीन पैसेंजर ट्रेनें, सीमांचल के यात्रियों को बड़ी राहत

**कटिहार,** (हि.स.)। पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे के कटिहार मंडल के यात्रियों के लिए अच्छी खबर है। कटिहार-सोनैली और कटिहार-कुरेठा रेलखंड के बीच चल रहे दोहरीकरण (डबलिंग) कार्य के कारण अस्थायी रूप से रद्द की गई तीन महत्वपूर्ण पैसेंजर ट्रेनों का परिचालन 12 जून से पुनः बहाल कर दिया गया है। इन ट्रेनों के फिर से पटरी पर लौटने से सीमांचल और सीमावर्ती क्षेत्रों के हजारों यात्रियों ने राहत की सांस ली है।

कटिहार रेल मंडल के सीनियर डीसीएम सह



पीआरओ अनूप कुमार सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि 12 जून से तीनों पैसेंजर ट्रेनें अपने निर्धारित गंतव्य तक नियमित रूप से संचालित कर दी गई हैं। जिन ट्रेनों का परिचालन दोबारा शुरू किया गया है, उनमें 55770/55769 कटिहार-मालदा कोर्ट पैसेंजर, 55727/55728 कटिहार-राधिकापुर पैसेंजर और 55729/55730 कटिहार-राधिकापुर पैसेंजर शामिल हैं।

रेल प्रशासन ने यात्रियों को किसी भी प्रकार की असुविधा से बचाने के लिए संबंधित विभागों को निर्देश दिए हैं। यात्री सूचना प्रणाली, आईवीआरएस और 139 हेल्पलाइन समेत अन्य माध्यमों से ट्रेनों के रिस्टोर होने की सूचना का व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किया जा रहा है। इसके साथ ही रेल प्रशासन ने आम यात्रियों से अपील की है कि वे अपनी यात्रा की योजना अद्यतन (अपडेटेड) समय-सारणी के अनुसार ही बनाएं, ताकि उन्हें यात्रा के दौरान कोई परेशानी न हो।

# विश्व बाल श्रम निषेध दिवस पर समाहरणालय में गूंजा संकल्प : जिलाधिकारी ने दिलाई शपथ,

**न्यूज स्केल सुपौल**

- समाहरणालय में जागरूकता कार्यक्रम,में अधिकारियों व कर्मियों ने बाल श्रम मुक्त समाज बनाने का लिया संकल्प



विश्व बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर शुक्रवार को समाहरणालय में बाल श्रम उन्मूलन को लेकर जागरूकता एवं संकल्प कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी सावन कुमार ने समाहरणालय के पदाधिकारियों एवं कर्मियों को बाल श्रम के खिलाफ शपथ दिलाई। कार्यक्रम में सभी ने बाल श्रम को समाप्त करने और बच्चों के अधिकारों की रक्षा का संकल्प लिया।

**बच्चों का बचपन सुरक्षित रखना समाज की जिम्मेदारी : डीएम**

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी सावन कुमार ने कहा कि बाल श्रम एक गंभीर सामाजिक समस्या ही नहीं, बल्कि समाज के लिए एक अभिशाप है। उन्होंने कहा कि इसके उन्मूलन के लिए केवल सरकारी प्रयास पर्याप्त नहीं हैं, बल्कि समाज के प्रत्येक नागरिक की सक्रिय भागीदारी जरूरी है। उन्होंने कहा कि हर बच्चे का अधिकार है कि उसे शिक्षा, सुरक्षा और सम्मानपूर्ण जीवन मिले। बच्चों को मजदूरी की जगह स्कूलों में होना चाहिए, ताकि वे अपने उज्ज्वल भविष्य का निर्माण कर सकें।

**जागरूकता फैलाने में निभाएं सक्रिय भूमिका**

जिलाधिकारी ने अधिकारियों एवं कर्मियों से आह्वान किया कि वे अपने स्तर से बाल श्रम के खिलाफ जागरूकता फैलाने में सक्रिय भूमिका निभाएं। उन्होंने कहा कि आर्थिक मजबूरी के कारण कई स्थानों पर बच्चों से श्रम कराया जाता है, जिसे रोकना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने आम नागरिकों से भी अपील की कि ऐसे मामलों की सूचना प्रशासन को दें, ताकि समय पर कार्रवाई की जा सके।

**बाल श्रम मुक्त समाज बनाने का लिया संकल्प**

कार्यक्रम के दौरान सभी पदाधिकारियों एवं कर्मियों ने शपथ लेते हुए कहा कि वे किसी भी रूप में बाल श्रम का समर्थन नहीं करेंगे और न ही इसे बढ़ावा देंगे। उन्होंने संकल्प लिया कि 14 वर्ष से कम आयु के किसी भी बच्चे से श्रम कार्य नहीं कराया जाएगा।

शपथ में यह भी कहा गया कि बाल श्रम के विरुद्ध निरंतर जागरूकता अभियान चलाया जाएगा और राज्य को बाल श्रम मुक्त बनाने के लिए पूरी ईमानदारी एवं सामाजिक जिम्मेदारी के साथ कार्य किया जाएगा।

**समन्वित प्रयास से ही मिलेगा लक्ष्य**

जिलाधिकारी ने कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं और उनका सुरक्षित व शिक्षित बचपन ही राष्ट्र की असली ताकत है। उन्होंने सभी विभागों से समन्वय बनाकर बाल श्रम उन्मूलन की दिशा में प्रभावी कार्रवाई करने पर बल दिया। कार्यक्रम में समाहरणालय के विभिन्न विभागों के पदाधिकारी, कर्मचारी एवं कर्मी मौजूद रहे। सभी ने बाल श्रम के खिलाफ अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए बच्चों के अधिकारों की रक्षा का संकल्प लिया।

# जनता दरबार में उमड़ी फरियादियों की भीड़, 69 आवेदनों पर डीएम ने दिए त्वरित कार्रवाई के निर्देश

**न्यूज स्केल सुपौल**

- समाहरणालय सुपौल में आयोजित जनता दरबार में विभिन्न विभागों से जुड़ी शिकायतें और मांगें पहुंचीं, अधिकारियों को समयबद्ध निष्पादन का निर्देश




आम लोगों की समस्याओं के त्वरित समाधान के उद्देश्य से शुक्रवार को समाहरणालय परिसर स्थित जिला जनता दरबार में जिलाधिकारी सावन कुमार ने फरियादियों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 69 आवेदन प्राप्त हुए, जिन पर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को शीघ्र एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

जनता दरबार में जिले के विभिन्न प्रखंडों और पंचायतों से पहुंचे लोगों ने भूमि विवाद, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं, राजस्व, शिक्षा, आवास, पेंशन, जन वितरण प्रणाली तथा अन्य जनहित से जुड़े मामलों को लेकर अपनी शिकायतें और आवेदन प्रस्तुत किए।

जिलाधिकारी ने सभी मामलों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागीय पदाधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर निष्पादन करने का निर्देश दिया। डीएम ने कहा कि जनता दरबार का उद्देश्य आम नागरिकों की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करना है तथा प्रत्येक आवेदन की नियमित मॉनिटरिंग की जाएगी, ताकि लोगों को समय पर न्याय और राहत मिल सके।

इस अवसर पर निदेशक एनईपी डीआरडीए अनित कुमार, जिला नजारत उप समाहर्ता विकास कुमार कर्ण, विशेष कार्य पदाधिकारी (गोपनीय शाखा) अमित कुमार, वरीय उप समाहर्ता पुष्पा कुमारी, वरीय उप समाहर्ता मुकेश कुमार सहित विभिन्न विभागों के संबंधित पदाधिकारी मौजूद रहे।

जनसुनवाई से बढ़ी उम्मीद जनता दरबार में पहुंचे लोगों ने अपनी समस्याओं को सीधे जिलाधिकारी के समक्ष रखने का अवसर मिलने पर संतोष व्यक्त किया।

# ललितग्राम-वीरपुर नई रेल लाइन परियोजना को मिली रफ्तार, सर्वेक्षण जारी; क्षेत्र में जगी नई उम्मीद

**न्यूज स्केल सुपौल**





सीमांचल और कोसी क्षेत्र की बहुप्रतीक्षित ललितग्राम-वीरपुर नई रेल लाइन परियोजना को लेकर सकारात्मक प्रगति सामने आई है। करीब 14 से 15 किलोमीटर लंबी प्रस्तावित रेल लाइन के लिए सर्वेक्षण कार्य जारी है और इसके लिए आवश्यक राशि भी रेलवे मंत्रालय की ओर से उपलब्ध करा दी गई है। इससे वर्षों से रेल संपर्क की मांग कर रहे लोगों में नई उम्मीद जगी है। सांसद दिलेश्वर कामैत ने बताया कि सर्वेक्षण पूरा होने के बाद विस्तृत रिपोर्ट केंद्र सरकार को भेजी जाएगी। इसके आधार पर रेल मंत्रालय और केंद्रीय कैबिनेट स्तर पर आवश्यक स्वीकृतियों की प्रक्रिया आगे बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि परियोजना को प्राथमिकता दिलाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। सांसद ने बताया कि इस संबंध में रेल मंत्री से भी बातचीत हुई है। रेल मंत्री ने भरोसा दिलाया है कि सर्वेक्षण पूरा होने के बाद सीमावर्ती क्षेत्र में रेल संपर्क को मजबूत करने और नई रेल लाइन परियोजना को आगे बढ़ाने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। परियोजना की समयसीमा पर सांसद ने कहा कि उनका प्रयास है कि शेष कार्यकाल के दौरान इस योजना को धरातल पर उतारा जाए। अगले लगभग तीन वर्षों में इस दिशा में ठोस प्रगति सुनिश्चित करने की कोशिश की जाएगी। विशेषज्ञों और स्थानीय लोगों का मानना है कि रेल लाइन बनने से वीरपुर को सीधा रेल नेटवर्क मिलेगा और नेपाल सीमा क्षेत्र तक आवागमन पहले की तुलना में अधिक सुगम होगा। इससे व्यापार, पर्यटन और स्थानीय आर्थिक गतिविधियों को भी नई गति मिलने की संभावना है। उल्लेखनीय है कि वीरपुर को रेल नेटवर्क से जोड़ने की मांग लंबे समय से उठती रही है। सर्वदलीय संघर्ष समिति और स्थानीय नागरिकों ने इस मुद्दे को लेकर धरना-प्रदर्शन, पदयात्रा, साइकिल मार्च, अनशन और जनजागरण अभियान जैसे कई आंदोलन चलाए थे। अब सर्वेक्षण शुरू होने से लोगों को उम्मीद है कि वर्षों पुराना सपना जल्द साकार हो सकेगा। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह परियोजना केवल एक नई रेल लाइन तक सीमित नहीं है, बल्कि सीमांचल और कोसी क्षेत्र के समग्र विकास का आधार बन सकती है। बेहतर कनेक्टिविटी से रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं और व्यापारिक गतिविधियों को नई मजबूती मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

# भीमनगर थाना में बाल श्रम उन्मूलन की शपथ, पुलिसकर्मियों ने जागरूकता फैलाने का लिया संकल्प

**न्यूज स्केल सुपौल**



विबाल श्रम के खिलाफ जागरूकता बढ़ाने और समाज को इस कुप्रथा से मुक्त बनाने के उद्देश्य से शुक्रवार को भीमनगर थाना परिसर में शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। थाना प्रभारी मनीष कुमार के नेतृत्व में पुलिस अधिकारियों और जवानों ने बाल श्रम उन्मूलन का संकल्प लेते हुए राज्य को बाल श्रम मुक्त बनाने की दिशा में सक्रिय भूमिका निभाने का वादा किया।

कार्यक्रम के दौरान सभी पुलिसकर्मियों ने पूरी ईमानदारी, संवेदनशीलता और सामाजिक जिम्मेदारी के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने तथा आम लोगों के बीच बाल श्रम के खिलाफ जागरूकता फैलाने की शपथ ली।

थाना प्रभारी मनीष कुमार ने कहा कि बच्चों का सुरक्षित और बेहतर भविष्य सुनिश्चित करना केवल प्रशासन ही नहीं, बल्कि पूरे समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि बाल श्रम जैसी सामाजिक बुराई को खत्म करने के लिए जनभागीदारी और व्यापक जागरूकता बेहद जरूरी है। पुलिस प्रशासन इस दिशा में लगातार प्रयास कर रहा है और आम नागरिकों से भी सहयोग की अपेक्षा रखता है।शपथ कार्यक्रम में थाना के सभी पुलिस पदाधिकारी एवं बल कर्मी मौजूद रहे। प्रमुख रूप से एसआई पंकज कुमार, एसआई त्रिलोकी नाथ, एएसआई बिपिन राम तथा पीटीसी रामचंद्र चौधरी सहित अन्य कर्मियों ने भाग लिया।

# कार्यवाई : गौशाला में छिपाकर रखा था प्रतिबंधित नशे का सामान, पिपरा पुलिस ने 160 सूई बरामद की

**न्यूज स्केल पिपरा**




जिले में नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पिपरा थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए बसहा वार्ड संख्या 4 में छापेमारी कर 160 प्रतिबंधित नशे की सूई बरामद की है। मामले में आरोपी कुन्दन कुमार के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज कर उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है।

थानाध्यक्ष किशोर कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि बसहा निवासी कुन्दन कुमार गौशाला की आड़ में नशे से जुड़े अवैध कारोबार का संचालन कर रहा है। सूचना के सत्यापन के बाद पुलिस टीम ने उसके ठिकाने पर छापा मारा। तलाशी के दौरान गौशाला में रखे एक प्लास्टिक के थैले से 160 प्रतिबंधित सूई बरामद हुई। पुलिस के अनुसार इनका इस्तेमाल नशे के इंजेक्शन लगाने में किया जाता था।

बरामद सामग्री को जब्त कर आगे की कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

छापेमारी के दौरान पुलिस की मौजूदगी की भनक लगते ही आरोपी पीछे के रास्ते से फरार हो गया। उसकी गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दी जा रही है। पुलिस का दावा है कि उसे जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है। साथ ही इस अवैध कारोबार से जुड़े अन्य लोगों की भूमिका की भी जांच की जा रही है, ताकि पूरे नेटवर्क का खुलासा किया जा सके।

पिपरा पुलिस ने आम लोगों से भी अपील की है कि नशे के कारोबार से जुड़ी किसी भी गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें। सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी।

# विश्व बाल श्रम दिवस पर पुलिसकर्मियों ने लिया बाल श्रम उन्मूलन का संकल्प

**न्यूज स्केल प्रतापगंज**




विश्व बाल श्रम दिवस के अवसर पर गुरुवार को प्रतापगंज थाना परिसर में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान पुलिस पदाधिकारियों एवं कर्मियों को बाल श्रम के खिलाफ अभियान को मजबूत बनाने तथा बच्चों के अधिकारों की रक्षा के लिए शपथ दिलाई गई।

हर वर्ष 12 जून को विश्व बाल श्रम दिवस मनाया जाता है। इसका उद्देश्य बाल मजदूरी जैसी सामाजिक बुराई के प्रति लोगों को जागरूक करना, बच्चों के शोषण एवं दुर्व्यवहार को रोकना तथा प्रत्येक बच्चे को शिक्षा, खेलकूद और सुरक्षित बचपन का अधिकार सुनिश्चित करना है।

कार्यक्रम के दौरान अवर निरीक्षक लाला कुमार ने थाना के सभी पुलिस पदाधिकारियों और कर्मियों को बाल श्रम मुक्त समाज के निर्माण का संकल्प दिलाया। उन्होंने शपथ दिलाते हुए कहा कि सभी अधिकारी एवं कर्मी पूरी ईमानदारी, संवेदनशीलता और सामाजिक उत्तरदायित्व के साथ कार्य करते हुए बाल श्रम उन्मूलन के लिए निरंतर प्रयास करेंगे।

उन्होंने कहा कि बच्चों का स्थान स्कूल और खेल के मैदान में है, न कि मजदूरी के कार्यों में। बाल श्रम रोकने के लिए समाज के प्रत्येक वर्ग की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। कार्यक्रम में मौजूद पुलिसकर्मियों ने बच्चों के अधिकारों की रक्षा तथा बाल श्रम के मामलों में त्वरित कार्रवाई करने का संकल्प लिया।

# पॉक्सो एक्ट : नाबालिग से दुष्कर्म मामले का मुख्य आरोपी गिरफ्तार,



**न्यूज स्केल सुपौल**

जिले के पिपरा थाना क्षेत्र में नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। मामले में पॉक्सो एक्ट सहित अन्य संबंधित धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

पुलिस के अनुसार, रतौली पंचायत के जरोली वार्ड-15 की नाबालिग के साथ दुष्कर्म की शिकायत मिलने के बाद केस दर्ज किया गया। जांच के दौरान मुख्य आरोपी प्रकाश कुमार को गिरफ्तार किया गया। थानाध्यक्ष किशोर कुमार ने बताया कि कुल तीन लोग नामजद हैं, जिनमें से एक को गिरफ्तार कर लिया गया है, जबकि अन्य की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है। पीड़िता का बयान न्यायालय में दर्ज कराने की प्रक्रिया भी चल रही है। स्थानीय लोगों ने सख्त कार्रवाई की मांग की है।

# विश्व बाल श्रम दिवस पर पुलिसकर्मियों ने लिया बाल श्रम उन्मूलन का संकल्प

**न्यूज स्केल प्रतापगंज**





क्षेत्र के मंदिरों से घंटियों और चांदी के छतर की लगातार हो रही चोरी मंदिर प्रबंधन समितियों के लिए बड़ी परेशानी का कारण बनती जा रही है। एक के बाद एक सामने आ रही घटनाओं से श्रद्धालुओं में नाराजगी बढ़ रही है, वहीं पुलिस भी चोरों की पहचान और गिरफ्तारी को लेकर चुनौती का सामना कर रही है।

ताजा मामला गुरुवार रात थाना क्षेत्र के गढ़िया गांव स्थित दिव्य ज्योति शिव मंदिर का है। अज्ञात चोरों ने मंदिर के मुख्य द्वार और बरामदे में लगी आधा दर्जन छोटी-बड़ी घंटियों को चुरा लिया। हालांकि चोरी के दौरान एक हैरतअंगेज घटना भी सामने आई। बताया जाता है कि मंदिर के मुख्य द्वार पर लगी करीब एक क्विंटल वजनी पीतल की घंटी को काटकर उतारने का प्रयास चोरों द्वारा किया जा रहा था। इसी दौरान घंटी अचानक गिर पड़ी और चोर उसकी चपेट में आ गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

घटना के बाद चोरों के साथी बड़ी घंटी को वहीं छोड़कर छोटी घंटियों के साथ घायल साथी को लेकर फरार हो गए। शुक्रवार सुबह जब पुजारी और अन्य लोग मंदिर पहुंचे तो उन्होंने देखा कि भारी घंटी बरामदे में गिरी हुई है तथा आसपास खून के निशान फैले हुए हैं। सूचना पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई और पुलिस को जानकारी दी गई। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच शुरू कर दी है।

गौरतलब है कि इससे पहले भी शंकर चौक स्थित शिव मंदिर और भवानीपुर उत्तर पंचायत के दुर्गा मंदिर से चोरी की घटनाएं हो चुकी हैं। लगातार हो रही इन वारदातों से लोगों में आक्रोश है और वे सुरक्षा बढ़ाने की मांग कर रहे हैं।

# पुलिस की कार्रवाई में 40 लीटर अवैध शराब जब्त, आरोपी पुलिस को चकमा देकर फरार

**न्यूज स्केल प्रतापगंज**




प्रतापगंज थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर तेकुना पंचायत के इमामपट्टी स्थित आदिवासी टोला में छापेमारी कर 40 लीटर अवैध देसी चुलाई शराब बरामद की है। हालांकि कार्रवाई की भनक लगते ही आरोपी मौके से फरार हो गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार सुबह पुलिस को सूचना मिली कि वार्ड संख्या-9 निवासी जितेंद्र उरांव अपने घर से अवैध शराब का कारोबार कर रहा है। सूचना मिलते ही अवर निरीक्षक सोनु कुमार पुलिस बल के साथ बताए गए स्थान पर पहुंचे। पुलिस टीम को देखते ही एक व्यक्ति घर से निकलकर तेजी से भागने लगा। जवानों ने उसे पकड़ने का प्रयास किया, लेकिन वह आसपास की बस्ती का लाभ उठाकर फरार हो गया। बाद में स्थानीय लोगों से पूछताछ में उसकी पहचान जितेंद्र उरांव के रूप में हुई। इसके बाद पुलिस ने घर की तलाशी ली। तलाशी के दौरान रसोईघर में प्लास्टिक के गैलनों में छिपाकर रखी गई 40 लीटर देसी चुलाई शराब बरामद हुई। पुलिस ने शराब को जब्त कर थाना ले आई और आवश्यक कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी। थानाध्यक्ष ने बताया कि आरोपी के खिलाफ उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया जा रहा है। फरार तस्कर की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है। उन्होंने कहा कि अवैध शराब के कारोबार पर रोक लगाने के लिए पुलिस लगातार अभियान चला रही है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# कर्तव्य पथ पर शहीद हुए तीन थानाध्यक्षों को नम आंखों से दी गई अंतिम विदाई



## मधेपुरा पुलिस लाइन में श्रद्धांजलि सभा,सबकी आंखे थी नम, डीआईजी,डीएम, एसपी सहित वरीय अधिकारियों ने पुष्पचक्र अर्पित कर दी भावभीनी श्रद्धांजलि



**न्यूज़ स्केल मधेपुरा,**

मधेपुरा पुलिस परिवार ने कर्तव्य निर्वहन के दौरान दिवंगत हुए तीन पुलिस अधिकारियों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। पुलिस उपमहानिरीक्षक (कोसी क्षेत्र) सहरसा,डॉ. कुमार आशीष जिलाधिकारी मधेपुरा,अभिषेक रंजन पुलिस अधीक्षक मधेपुरा,डॉ.संदीप सिंह , पुलिस अधीक्षक सहरसा सहित सभी वरीय पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों, पुलिस पदाधिकारियों तथा कर्मियों ने स्वर्गीय पुलिस अवर निरीक्षक ज्ञानानन्द अमरेंद्र (थानाध्यक्ष, अरार; गृह जिला–कटिहार), स्वर्गीय पुलिस अवर निरीक्षक नीरज कुमार (थानाध्यक्ष, बेलारी; गृह जिला–गया) तथा स्वर्गीय पुलिस अवर निरीक्षक साजन पासवान (थानाध्यक्ष, रतवारा; गृह जिला–कैमूर) के पार्थिव शरीर पर पुष्पचक्र अर्पित कर उन्हें अंतिम श्रद्धांजलि दी। श्रद्धांजलि समारोह के दौरान पूरे परिसर में शोक की गहरी लहर दिखाई दी। उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मियों ने दिवंगत पुलिस अधिकारियों के कर्तव्यनिष्ठ, समर्पित एवं अनुकरणीय सेवा-भाव को याद करते हुए उन्हें नमन किया। इस अवसर पर दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना भी की गई। मधेपुरा पुलिस ने अपने आधिकारिक संदेश में कहा कि दिवंगत अधिकारियों का योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा। पुलिस विभाग इस अपूरणीय क्षति से दुखी है तथा इस कठिन समय में शोक संतप्त परिजनों के साथ मजबूती से खड़ा है।

पुलिस अधिकारियों ने कहा कि दिवंगत कर्मियों की कर्तव्यपरायणता और सेवा भावना आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनी रहेगी। पूरे पुलिस परिवार ने उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए ईश्वर से दिवंगत आत्माओं की शांति एवं परिजनों को इस असहनीय दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की।

**श्रद्धांजलि :**
"कर्तव्य पथ पर समर्पित तीन जांबाज पुलिस अधिकारियों का असमय निधन बिहार पुलिस परिवार के लिए अपूरणीय क्षति है। उनकी सेवाएं और समर्पण सदैव याद किए जाएंगे।"
**पुलिस उपमहानिरीक्षक (कोसी क्षेत्र) सहरसा,डॉ.कुमार आशीष**

### सड़क दुर्घटना में तीन थानाध्यक्षों के निधन से शोक की लहर: स्तब्ध है मधेपुरा



स्व0 नीरज कुमार | स्व0 ज्ञानानन्द अमरेंद्र | स्व0 साजन पासवान

**न्यूज़ स्केल मधेपुरा**

एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेकर लौट रहे बिहार पुलिस के तीन थानाध्यक्षों की सड़क दुर्घटना में आकस्मिक मृत्यु हो जाने से पूरे बिहार पुलिस महकमे में शोक की लहर दौड़ गई है। यह हादसा 11/12 जून 2026 की रात्रि में हुआ।
दुर्घटना में मधेपुरा जिले के अरार थाना के थानाध्यक्ष पु०अ०नि० ज्ञानानन्द अमरेंद्र (गृह जिला–कटिहार), बेलारी थाना के थानाध्यक्ष पु०अ०नि० नीरज कुमार (गृह जिला–गया) तथा रतवारा थाना के थानाध्यक्ष पु०अ०नि० साजन पासवान (गृह जिला–कैमूर) का निधन हो गया।
जानकारी के अनुसार, तीनों पुलिस पदाधिकारी पटना स्थित सरदार पटेल भवन (बिहार पुलिस मुख्यालय) में आयोजित एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल होकर लौट रहे थे। इसी दौरान हुई सड़क दुर्घटना में उनकी जान चली गई।
मधेपुरा पुलिस द्वारा जारी श्रद्धांजलि संदेश में कहा गया है कि यह घटना बिहार पुलिस परिवार एवं मधेपुरा जिला पुलिस के लिए अत्यंत दुःखद और अपूरणीय क्षति है। दिवंगत अधिकारियों ने अपने कर्तव्य निर्वहन के दौरान उत्कृष्ट सेवाएं प्रदान कीं, जिन्हें सदैव स्मरण किया जाएगा।



### तीन दरोगाओं की दर्दनाक मौत ने फिर खड़े किए सवाल, हाईवे किनारे खड़ी गाड़ियां बन रही हादसों की वजह

**न्यूज़ स्केल मधेपुरा**

गुरुवार देर रात हुए भीषण सड़क हादसे में मधेपुरा जिले के तीन थानाध्यक्षों की दर्दनाक मौत ने एक बार फिर राष्ट्रीय एवं राज्य राजमार्गों की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।
जानकारी के अनुसार दुर्घटना सड़क किनारे खड़े वाहन की वजह से हुई येसी चर्चा सामने आ रही है। इस घटना ने हाईवे पर अवैध रूप से खड़ी गाड़ियों से बढ़ते हादसों के खतरे को फिर उजागर कर दिया है।
आम लोगों का मानना है कि हाईवे पर सड़क किनारे खड़े ट्रक, ट्रैक्टर और अन्य भारी वाहन दुर्घटनाओं का बड़ा कारण बनते जा रहे हैं। रात के समय बिना रिफ्लेक्टर, पार्किंग लाइट या चेतावनी संकेत के खड़े वाहन तेज रफ्तार वाहनों के लिए अचानक सामने आने वाली बाधा बन जाते हैं। कई मामलों में चालक को संभलने का मौका तक नहीं मिल पाता और हादसा जानलेवा साबित होता है।
सबसे बड़ा सवाल हाईवे पेट्रोलिंग, स्थानीय पुलिस और परिवहन विभाग की जवाबदेही को लेकर उठ रहा है। राजमार्गों पर नियमित गश्त और निगरानी की व्यवस्था होने के बावजूद सड़क किनारे घंटों और कई बार दिनों तक वाहन खड़े रहते हैं। नियमों के अनुसार ऐसे वाहनों पर जुर्माना और कार्रवाई होनी चाहिए, लेकिन जमीनी स्तर पर सख्ती का अभाव दिखाई देता है।
सड़क सुरक्षा से जुड़े जानकारों का कहना है कि यदि हाईवे पेट्रोलिंग को अधिक सक्रिय बनाया जाए, अवैध पार्किंग के खिलाफ नियमित अभियान चलाया जाए और जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाए, तो बड़ी संख्या में दुर्घटनाओं को रोका जा सकता है। गुरुवार रात की यह दुखद घटना इसी दिशा में कठोर और त्वरित कार्रवाई की मांग कर रही है।

## जब पुलिस लाइन चीखों और सिसकियों से गूंज उठी, हर आंख हुई नम

**न्यूज़ स्केल मधेपुरा,**

- **तीन थानाध्यक्षों को अंतिम विदाई, मांओं के चीत्कार ने तोड़ दिया हर दिल**



मधेपुरा पुलिस लाइन शुक्रवार को उस समय करुणा और दर्द के सैलाब में डूब गई, जब सड़क हादसे में जान गंवाने वाले तीन थानाध्यक्षों के पार्थिव शरीर अंतिम दर्शन के लिए लाए गए। जैसे ही ताबूत परिसर में पहुंचे, वहां मौजूद हर आंख नम हो गई और माहौल मातम में बदल गया।
रतवारा, अरार और बेलारी थानाध्यक्षों की असामयिक मौत ने पूरे पुलिस महकमे को झकझोर दिया। बेगूसराय में हुए भीषण सड़क हादसे में उनके साथ वाहन चालक की भी मौत हो गई थी। सभी अधिकारी पटना से प्रशिक्षण लेकर लौट रहे थे, तभी यह दर्दनाक घटना हो गई।

पुलिस लाइन में जैसे ही शव रखे गए, माताओं का चीत्कार फूट पड़ा। कोई अपने बेटे के ताबूत से लिपटकर बार-बार बेहोश हो रहा था तो कोई "बेटा एक बार आंख खोल दे" कहकर रोते-रोते बेसुध हो जा रहा था। पिता की सिसकियां और परिजनों का विलाप पूरे परिसर को चीर रहा था। वहां मौजूद हर शख्स की आंखें नम थीं और दिल भारी।
श्रद्धांजलि समारोह में कोसी प्रक्षेत्र के डीआईजी, जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक सहित तमाम वरिष्ठ अधिकारी और जवान मौजूद रहे। सभी ने दिवंगत अधिकारियों को पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और नम आंखों से सलामी दी।
गार्ड ऑफ ऑनर के बाद तीनों अधिकारियों के पार्थिव शरीर को उनके पैतृक गांव के लिए रवाना किया गया। इस दौरान परिजन लगातार रोते-बिलखते रहे और एंबुलेंस के पीछे दौड़ते नजर आए, मानो अपने जिगर के टुकड़ों को रोक लेना चाहते हों।
अधिकारियों ने कहा कि यह केवल तीन पुलिसकर्मियों का नहीं, बल्कि पूरे विभाग का अपूरणीय नुकसान है। पूरे पुलिस परिवार ने इस कठिन घड़ी में शोक संतप्त परिजनों के साथ खड़े रहने का भरोसा दिया।

पुलिस लाइन में जैसे ही शव रखे गए, माताओं का चीत्कार फूट पड़ा। कोई अपने बेटे के ताबूत से लिपटकर बार-बार बेहोश हो रहा था तो कोई "बेटा एक बार आंख खोल दे" कहकर रोते-रोते बेसुध हो जा रहा था। पिता की सिसकियां और परिजनों का विलाप पूरे परिसर को चीर रहा था। वहां मौजूद हर शख्स की आंखें नम थीं और दिल भारी।

## वीरपुर की दो बेटियों ने बढ़ाया सुपौल का मान, राज्य एथलेटिक्स में शानदार प्रदर्शन से जीते पदक

**न्यूज़ स्केल प्रतापगंज**

- **आर्थिक चुनौतियों के बावजूद दोनों बेटियों ने अपने हौसले को कमजोर नहीं पड़ने दिया और निरंतर अभ्यास के दम पर सफलता हासिल की।**




सपनों की उड़ान के लिए बड़े शहर नहीं, बल्कि मजबूत इरादों की जरूरत होती है। इसका बेहतरीन उदाहरण वीरपुर की अंकिता कुमारी और शुक्राना परवीन ने पेश किया है। सीमित संसाधनों के बीच वर्षों की मेहनत और लगन का परिणाम यह रहा कि दोनों खिलाड़ियों ने 92वीं बिहार राज्य एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2026 में शानदार प्रदर्शन करते हुए जिले का गौरव बढ़ाया। पटना के पाटलिपुत्र स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में 10 से 13 जून तक आयोजित प्रतियोगिता में शुक्राना परवीन ने शॉटपुट स्पर्धा में रजत पदक हासिल कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। वहीं अंकिता कुमारी ने रिले स्पर्धा में पदक जीतकर साबित कर दिया कि ग्रामीण क्षेत्रों की बेटियां भी बड़े मंच पर अपनी पहचान बना सकती हैं।
इन दोनों खिलाड़ियों की उपलब्धि इसलिए भी खास है क्योंकि इनके पीछे संघर्ष की लंबी कहानी छिपी है। अंकिता के पिता संजय भगत किराना व्यवसाय से परिवार का भरण-पोषण करते हैं, जबकि शुक्राना के पिता ऑटो चलाकर घर संभालते हैं। आर्थिक चुनौतियां कभी भी इन बेटियों के हौसलों पर भारी नहीं पड़ सकीं और उन्होंने लगातार अभ्यास के दम पर सफलता की नई इबारत लिख दी।
खेलो इंडिया योजना के तहत वीरपुर स्टेडियम में शुरू हुआ इनका सफर अब राज्य स्तर तक पहुंच चुका है। हाल के दिनों में विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए चयनित खिलाड़ियों में शामिल होने के बाद एकलव्य संस्था के मार्गदर्शन में उन्हें पेशेवर प्रशिक्षण मिला, जिसका असर अब मैदान में भी साफ दिखाई देने लगा है। दोनों खिलाड़ियों की इस उपलब्धि से वीरपुर ही नहीं, पूरे सुपौल जिले में खुशी का माहौल है। स्थानीय लोगों और खेल प्रेमियों का मानना है कि यदि इन्हें लगातार बेहतर सुविधाएं और अवसर मिलते रहे तो आने वाले समय में ये राष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी मजबूत पहचान बना सकती हैं। इनकी सफलता उन तमाम ग्रामीण प्रतिभाओं के लिए प्रेरणा है, जो सीमित संसाधनों के बावजूद बड़े सपने देखने का साहस रखती हैं।

## मानसिक एवं पारिवारिक समस्याओं की जड़ नकारात्मक सोच : भगवती दीदी





**न्यूज़ स्केल प्रतापगंज**

- **प्रतापगंज में आध्यात्मिक ऊर्जा का संचारः शिव झंडोतोलन, स्नेह मिलन एवं प्रवचन कार्यक्रम में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब**

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय, प्रतापगंज द्वारा पारख धर्मशाला एवं ओम शांति केंद्र परिसर में आयोजित शिव झंडोतोलन, स्नेह मिलन एवं आध्यात्मिक प्रवचन कार्यक्रम श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक उत्साह के वातावरण में भव्य रूप से संपन्न हुआ। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर राजयोग ध्यान एवं ईश्वरीय संदेशों का लाभ प्राप्त किया।
कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. कमल नारायण यादव, आदित्य कुमार पंकज, महंत कुमार चौधरी सहित अन्य अतिथियों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके पश्चात सभी अतिथियों का पुष्पमाला एवं अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।
कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ राजयोग प्रशिक्षिका राजयोगिनी भगवती दीदी (राजविराज, नेपाल) ने की। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि आज की अधिकांश मानसिक, पारिवारिक और सामाजिक समस्याओं की जड़ नकारात्मक विचार हैं। उन्होंने कहा कि राजयोग ध्यान के माध्यम से मनुष्य अपने विचारों को सकारात्मक दिशा देकर जीवन में शांति, आत्मबल और आत्मविश्वास प्राप्त कर सकता है।
मुख्य वक्ता राजयोगिनी बबिता दीदी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि वर्तमान तनावपूर्ण जीवनशैली में आध्यात्मिकता ही सच्चे सुख और स्थायी शांति का आधार है। उन्होंने राजयोग को जीवन जीने की श्रेष्ठ कला बताते हुए इसे दैनिक जीवन में अपनाने की प्रेरणा दी।
कार्यक्रम के दौरान भगवान शिव के दिव्य संदेश, मानवीय मूल्यों तथा आध्यात्मिक जागरूकता पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। वक्ताओं ने उपस्थित श्रद्धालुओं को आत्मचिंतन, सकारात्मक सोच एवं नैतिक मूल्यों को जीवन में आत्मसात करने का संदेश दिया।
अंत में राजयोगिनी बबिता दीदी (सिमराही बाजार) ने सभी अतिथियों, श्रद्धालुओं एवं सेवाधारी बहनों-भाइयों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन ब्रह्माकुमार किशोर भाई ने किया। इस अवसर पर ब्रह्माकुमारी सुमन बहन, वीणा बहन, निशिका बहन, रेणु बहन, सुहानी बहन, शिव माताजी, पूजा बहन, शारदा माताजी, रेनू माताजी, बबिता माताजी, अनीता माताजी, शोभा माताजी सहित बड़ी संख्या में सेवाधारी एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## प्रदर्शन : महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार के खिलाफ युवा कांग्रेस का हल्लाबोल,

**न्यूज़ स्केल प्रतापगंज**

- **लक्ष्मण कुमार झा ने कहा कि केंद्र सरकार की गलत नीतियों के कारण बेरोजगारी बढ़ रही है और युवाओं को रोजगार देने के वादे पूरे नहीं किए जा रहे**




युवा कांग्रेस के बिहार प्रदेश सचिव लक्ष्मण कुमार झा के नेतृत्व में शुक्रवार को राज्य और केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ सुपौल में जोरदार प्रदर्शन किया गया। कांग्रेस कार्यालय से निकला प्रदर्शन जुलूस शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए महावीर चौक पहुंचा, जहां कार्यकर्ताओं ने सरकार विरोधी नारे लगाते हुए मुख्यमंत्री एवं प्रधानमंत्री का प्रतीकात्मक पुतला दहन कर अपना आक्रोश व्यक्त किया।
प्रदर्शनकारियों ने भूमिहीन परिवारों को जमीन का पर्चा उपलब्ध कराने, महिलाओं को दो लाख रुपये की सहायता राशि देने, बढ़ती महंगाई पर रोक लगाने, बेरोजगारी दूर करने, भ्रष्टाचार समाप्त करने और लगातार हो रही पेपर लीक घटनाओं पर सख्त कार्रवाई की मांग की। उन्होंने कहा कि युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है और रोजगार के अवसर लगातार कम होते जा रहे हैं।
लक्ष्मण कुमार झा ने कहा कि केंद्र सरकार की गलत नीतियों के कारण बेरोजगारी बढ़ रही है और युवाओं को रोजगार देने के वादे पूरे नहीं किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि पेपर लीक की घटनाओं ने शिक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। वहीं राज्य सरकार पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि भूमिहीन परिवार आज भी अपने अधिकारों से वंचित हैं और चुनावी वादों को पूरा नहीं किया गया है।
प्रदर्शन में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल रहे, जिनमें रमेश मलिक, रमन वर्मा, एमडी जाती, उमेश मलिक, रोशन कुमार, सूरज यादव, चित्र पासवान, संजीत सदा, मिश्रीलाल महतो, अनिता कुमारी, राम लखन सदा, अमित कुमार, सविता देवी, संजय कुमार सिंह और शाहिद सहित अन्य लोग मौजूद थे। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि मांगों पर जल्द विचार नहीं किया गया तो आंदोलन और तेज किया जाएगा।

# मद्य निषेध सिपाही भर्ती परीक्षा को लेकर प्रशासन अलर्ट

## 14 और 17 जून को होगी परीक्षा, 20 केंद्रों पर 10,334 अभ्यर्थी देंगे परीक्षा

**न्यूज स्केल छपरा**

मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग में मद्य निषेध सिपाही के पदों पर नियुक्ति के लिए केंद्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती) द्वारा 14 एवं 17 जून 2026 को सारण जिले में लिखित प्रतियोगिता परीक्षा आयोजित की जाएगी। परीक्षा को शांतिपूर्ण, कदाचारमुक्त और पारदर्शी तरीके से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन ने व्यापक तैयारियां पूरी कर ली हैं। शुक्रवार को जिलाधिकारी वैभव श्रीवास्तव और वरीय पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार ने सभी केंद्राधीक्षकों, दंडाधिकारियों और पुलिस अधिकारियों की संयुक्त ब्रीफिंग कर आवश्यक निर्देश दिए।





**बायोमेट्रिक उपस्थिति और जैमर की व्यवस्था**

परीक्षा में किसी प्रकार की गड़बड़ी रोकने के लिए सभी केंद्रों पर फोटोग्राफी, वीडियोग्राफी और अभ्यर्थियों की बायोमेट्रिक उपस्थिति की व्यवस्था की गई है। साथ ही इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के दुरुपयोग को रोकने के लिए जैमर तथा पब्लिक एड्रेस सिस्टम (पीए सिस्टम) भी लगाए जाएंगे।

**नियंत्रण कक्ष से होगी निगरानी:**

परीक्षा की प्रभावी निगरानी के लिए जिला नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। नियंत्रण कक्ष का दूरभाष संख्या 06152-242444 निर्धारित किया गया है। यहां दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारियों की तैनाती की गई है, जो परीक्षा से जुड़ी गतिविधियों की सतत मॉनिटरिंग करेंगे।

**सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम:** परीक्षा केंद्रों पर अभ्यर्थियों की सघन तलाशी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। प्रत्येक केंद्र पर स्टैटिक दंडाधिकारी और पुलिस पदाधिकारी तैनात रहेंगे। इसके अलावा जोनल दंडाधिकारी, जोनल पुलिस पदाधिकारी तथा उड़नदस्ता टीमों की भी प्रतिनियुक्ति की गई है। सभी अधिकारियों को परीक्षा अवधि के दौरान लगातार केंद्रों का निरीक्षण कर निष्पक्षता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है।

**निर्देशों के अक्षरशः पालन पर जोर**

जिलाधिकारी और वरीय पुलिस अधीक्षक ने सभी प्रतिनियुक्त अधिकारियों को केंद्रीय चयन पर्षद द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का अक्षरशः पालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि परीक्षा को पूरी तरह निष्पक्ष, पारदर्शी और कदाचारमुक्त वातावरण में संपन्न कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। बैठक में अपर समाहर्ता, सदर अनुमंडल पदाधिकारी, पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी समेत सभी संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

**दो पालियों में आयोजित होगी परीक्षा:**



परीक्षा दोनों दिनों में दो पालियों में आयोजित होगी। प्रथम पाली सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक तथा द्वितीय पाली अपराह्न 3 बजे से शाम 5 बजे तक चलेगी। जिले में कुल 20 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जहां प्रत्येक परीक्षा दिवस पर 10,334 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल होंगे।

- सारण जिले में बनाए गए हैं कुल 20 परीक्षा केंद्र।
- प्रत्येक परीक्षा दिवस पर 10,334 अभ्यर्थी होंगे शामिल।
- सभी केंद्रों पर बायोमेट्रिक उपस्थिति, वीडियोग्राफी और जैमर की व्यवस्था।
- परीक्षा की निगरानी के लिए जिला नियंत्रण कक्ष स्थापित, हेल्पलाइन 06152-242444।

# सरकारी आवास पर जनप्रतिनिधियों व कार्यकर्ताओं से आत्मीय मुलाकात

**न्यूज स्केल पटना**

आज मेरे सरकारी आवास पर प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए जनप्रतिनिधियों एवं वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का आत्मीय आगमन हुआ। इस अवसर पर मा विधायक श्री संजय पांडे जी, मा विधायक श्री उदय सिंह जी, मा विधायक श्री रजनीश कुमार जी, मा विधान पार्षद श्री अनिल कुमार ठाकुर जी, मा विधायक श्री पंकज मिश्रा जी, मा विधायक श्री देवेशकांत सिंह जी, मा पूर्व विधायक श्री अशोक सिंह जी तथा मा विधायक श्री निरंजन मेहता जी सहित अनेक सम्मानित जनप्रतिनिधियों ने शिष्टाचार भेंट की।



**जनहित के मुद्दों पर संवाद**

इस दौरान जनहित से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर भी सार्थक चर्चा हुई। आम जनता की समस्याओं के समाधान, विकास कार्यों की गति और योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर सभी ने अपने सुझाव रखे।

**प्रदेश के विकास पर विचार-विमर्श:** प्रदेश के सर्वांगीण विकास, बुनियादी ढांचे के विस्तार तथा सामाजिक-आर्थिक प्रगति को लेकर भी विस्तृत संवाद हुआ। सभी ने विकास कार्यों को और गति देने पर सहमति जताई।

**आभार एवं समापन संदेश**

अंत में सभी आगंतुक जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं के स्नेह, सहयोग और अपनत्व के लिए हृदय की गहराइयों से आभार व्यक्त किया गया। इस प्रकार की मुलाकातें संगठनात्मक एकता को सुदृढ़ करने के साथ जनसेवा के संकल्प को भी और मजबूत बनाती हैं।

**सौहार्दपूर्ण वातावरण में स्वागत:** सभी आगंतुकों का आत्मीय एवं स्नेहिल स्वागत किया गया। मुलाकात का वातावरण अत्यंत सौहार्दपूर्ण एवं सकारात्मक रहा। जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं ने आपसी अपनत्व और संगठनात्मक एकजुटता का परिचय दिया।

**संगठन की मजबूती पर चर्चा:** भेंट के दौरान संगठन की मजबूती, उसकी जमीनी पकड़ एवं विस्तार को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। कार्यकर्ताओं की भूमिका को और प्रभावी बनाने तथा संगठन को अधिक सक्रिय करने पर विचार साझा किए गए।

# नवादा में 28 जून से पल्स पोलियो अभियान, 1,168 टीमें करेंगी बच्चों का टीकाकरण

**न्यूज स्केल नवादा,**

28 जून 2026 से शुरू होने वाले राष्ट्रीय पल्स पोलियो टीकाकरण दिवस को लेकर जिलाधिकारी रवि प्रकाश की अध्यक्षता में जिला टास्क फोर्स की बैठक समाहरणालय सभाकक्ष में आयोजित हुई। बैठक में अभियान की तैयारियों, वैक्सीन प्रबंधन और निगरानी व्यवस्था की समीक्षा की गई।

**टीमें एवं लक्ष्य:** जिले में कुल 1,168 टीमें गठित की गई हैं, जिनमें हाउस-टू-हाउस, ट्रांजिट, मोबाइल और वन-मैन टीमें शामिल हैं। इनका लक्ष्य पाँच वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियोरोधी खुराक पिलाना है।



**जिलाधिकारी के निर्देश**

जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि आशा कार्यकर्ताओं एवं एएनएम की भागीदारी बढ़ाई जाए तथा सुपरवाइजर चयन में प्राथमिकता दी जाए।

**कोल्ड चेन एवं निगरानी व्यवस्था:** समीक्षा के दौरान कोल्ड चेन, वैक्सीन भंडारण और दैनिक निगरानी व्यवस्था को सुदृढ़ रखने के निर्देश दिए गए। अभियान के सफल संचालन के लिए सभी विभागों को समन्वय के साथ कार्य करने का आह्वान किया गया। प्रगति की दैनिक समीक्षा जिला एवं प्रखंड स्तर पर नियमित होगी। अधिकारियों ने कहा। है

# बकाया भुगतान न होने से बिहार में उग्र आंदोलन और भूख हड़ताल की संवेदकों ने दी चेतावनी

**सारण,** (हि.स.)। राज्य के विकास कार्यों से जुड़े संवेदकों को लंबे समय से भुगतान नहीं मिलने के कारण नाराजगी गहराती जा रही है। करोड़ों रुपये के बकाया भुगतान लंबित रहने से संवेदक संघ ने सरकार के खिलाफ आंदोलन की चेतावनी दी है।

**प्रेस वार्ता में सरकार की नीतियों पर सवाल :** सारण में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में संवेदक संघर्ष मोर्चा के प्रतिनिधियों ने सरकार की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाए। प्रतिनिधियों ने आरोप लगाया कि संवेदकों के साथ सौतेला व्यवहार किया जा रहा है, जिससे कामकाज प्रभावित हो रहा है।



**कई विभागों में लंबित है भुगतान:** संघ के अनुसार ग्रामीण कार्य विभाग, भवन निर्माण विभाग, पीडब्ल्यूडी, आवास विभाग और नगर निकायों सहित कई विभागों में पिछले अक्टूबर से भुगतान लंबित है। कार्य पूरा होने के बावजूद विपत्र सचिवालय में अटके हुए हैं, जिससे संवेदकों को आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है।

**आंदोलन और भूख हड़ताल की चेतावनी:** संवेदक संघ ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द भुगतान नहीं किया गया तो पूरे बिहार में उग्र आंदोलन और सामूहिक भूख हड़ताल की जाएगी। संघ ने कहा कि संवेदक विकास कार्यों की रीढ़ हैं और उनके बिना सरकारी योजनाएं प्रभावित होंगी।

**पटना सचिवालय तक आंदोलन की तैयारी:** संघ ने स्पष्ट किया कि यह आंदोलन सिर्फ सारण तक सीमित नहीं रहेगा। यदि मांगें नहीं मानी गईं तो पटना सचिवालय और जिला मुख्यालयों पर अनशन किया जाएगा। संवेदकों ने सरकार से लंबित विपत्रों का शीघ्र भुगतान करने की मांग की है।

# मुजफ्फरपुर में चार हजार डायजेपाम इंजेक्शन जब्त, चार तस्कर गिरफ्तार

**मुजफ्फरपुर,** (हि.स.)। जिले में नशीले इंजेक्शनों की बड़ी खेप के साथ पुलिस ने एक अंतरजिला तस्करी गिरोह का भंडाफोड़ किया है। सदर थाना पुलिस ने वाहन जांच के दौरान 4 हजार डायजेपाम इंजेक्शन बरामद किए और चार तस्करों को गिरफ्तार किया। बरामदगी के बाद पूरे नेटवर्क की जांच तेज कर दी गई है।

**चार तस्कर गिरफ्तार**

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान रक्सौल निवासी मो. सलीम और सोनू कुमार, पूर्वी चंपारण के हरसिद्धि निवासी चूमन राम और मो.



आजाद के रूप में हुई है। पुलिस ने मौके से वाहन भी जब्त कर लिया है। सभी से गहन पूछताछ की जा रही है।

**नेपाल तक फैला नेटवर्क**

पूछताछ में आरोपियों ने खुलासा किया कि इंजेक्शन पटना के बोरिंग कैनाल रोड स्थित एक व्यक्ति "हरि" ने उपलब्ध कराए थे। इन्हें रक्सौल होते हुए नेपाल भेजा जाना था। आरोपियों ने स्वीकार किया कि इस काम के लिए उन्हें 10 हजार रुपये मिलने थे।

**संगठित गिरोह की जांच**

एक आरोपी चूमन राम ने बताया कि वह पहले भी तीन बार नेपाल तक खेप पहुंचा चुका है। इससे नेपाल तक फैले संगठित तस्करी नेटवर्क की आशंका मजबूत हुई है। पुलिस ने मामले की जानकारी वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को दी है और ड्रग इंस्पेक्टर टीम जांच में जुटी है।

**गुप्त सूचना पर कार्रवाई**

पुलिस को सूचना मिली थी कि रक्सौल की ओर नशीले इंजेक्शनों की बड़ी खेप ले जाई जा रही है। इसके बाद माधौल फोरलेन के पास वाहन जांच अभियान चलाया गया। इसी दौरान एक संदिग्ध सूमो वाहन को रोका गया, जिसकी तलाशी में भारी मात्रा में डायजेपाम इंजेक्शन मिले।

# पत्नी की हत्या के जुर्म में पति गिरफ्तार

**पश्चिम चंपारण (बगहा),** (हि.स.)।

- 10 जून की रात आम के बगीचे से शव बरामद होने पर इलाके में सनसनी फैल गई।

बगहा पुलिस जिला के लौकरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत नरकटी गांव में 10 जून की रात एक महिला का शव आम के पेड़ से लटका हुआ मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर स्थानीय पुलिस, एफएसएल टीम और वरीय अधिकारी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने देखा कि महिला के गले में दुपट्टा बांधकर शव को पेड़ से लटकाया गया था, जिससे मामला प्रथम दृष्टया आत्महत्या प्रतीत हो रहा था।



**पुलिस कार्रवाई और बरामदगी**

पुलिस ने एफएसएल टीम की मदद से शव को पेड़ से नीचे उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा और जांच शुरू की। घटनास्थल की बारीकी से जांच के दौरान पुलिस को एक बिहार ग्रामीण बैंक का पासबुक भी बरामद हुआ, जिसे मामले में महत्वपूर्ण साक्ष्य माना जा रहा है।

**शव की पहचान**

अगली सुबह शव की पहचान 24 वर्षीय हेमलता कुमारी, पति गौतम काजी, निवासी नरकटी गांव, थाना लौकरिया, जिला पश्चिम चंपारण के रूप में की गई। पहचान के बाद पुलिस ने मृतका के ससुराल पहुंचकर जांच को आगे बढ़ाया, जहां घर का सामान बिखरा हुआ मिला, जिससे संदेह और गहरा गया।

**पूछताछ में खुलासा**

पुलिस ने जब मृतका के पति गौतम काजी को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने हत्या की बात स्वीकार कर ली। आरोपी ने बताया कि 10 जून की शाम पत्नी से विवाद हुआ था, जिसके बाद उसने लाठी और कुदाल के बेंट से मारपीट की और बाद में ईख के खेत में गला दबाकर उसकी हत्या कर दी।

**गिरफ्तारी व आगे की कार्रवाई:** एसपी बगहा रामानंद कौशल के अनुसार, आरोपी ने शव को आम के पेड़ से लटकाकर घटना को आत्महत्या का रूप देने की कोशिश की। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और मामले की गहन जांच जारी है। पुलिस अब अन्य तकनीकी और भौतिक साक्ष्यों के आधार पर चार्जशीट की तैयारी में जुटी है।

# नालंदा जिले में चोरी के मामले में तीन आरोपित गिरफ्तार, जेल

**नालंदा,** (हि.स.)। नालंदा थाना क्षेत्र के सुरजपुर गांव में एक ही रात पांच घरों में हुई चोरी की घटना का पुलिस ने खुलासा करते हुए तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। एक आरोपी फरार है, जिसकी तलाश जारी है।

**रेकी कर रची गई थी चोरी की साजिश:** पुलिस जांच में सामने आया कि रित्विक प्रखर उर्फ अप्पा ने गांव में घरों की रेकी कर निशाना तय किया था। इसके बाद अभिषेक कुमार और श्याम उपाध्याय को बुलाकर वारदात को अंजाम दिया गया। घटना के बाद सभी अलग-अलग रास्तों से फरार हो गए।



**SIT जांच में हुआ खुलासा, नकदी बरामद:** घटना के बाद दर्ज कांड संख्या 131/26 की जांच के लिए SIT गठित की गई थी। तकनीकी अनुसंधान और गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने तीनों आरोपितों को पकड़ा। इनके पास से 15,600 रुपये नकद बरामद हुए हैं। पुलिस के अनुसार आरोपितों ने अन्य चोरी की घटनाओं में भी संलिप्तता स्वीकार की है।

# मेट्टूर बांध से पानी नहीं छोड़ा गया, कावेरी डेल्टा में कुरुवई खेती संकट में, 16 लाख एकड़ पर असर की आशंका

**सेलम,** (हि.स.)। कावेरी डेल्टा क्षेत्र के किसानों को शुक्रवार को बड़ा झटका लगा, जब निर्धारित तिथि 12 जून को मेट्टूर बांध से कुरुवई (प्रारंभिक धान) फसल के लिए पानी नहीं छोड़ा गया। जलस्तर कम रहने और अपर्याप्त जल प्रवाह के कारण सिंचाई सत्र समय पर शुरू नहीं हो सका, जिससे लगभग 16.05 लाख एकड़ कृषि भूमि पर संकट के बादल मंडराने लगे हैं।

**. समय पर पानी नहीं छोड़े जाने से किसानों में निराशा**

परंपरा के अनुसार हर वर्ष 12 जून से 28 जनवरी तक मेट्टूर बांध से कावेरी डेल्टा के लिए सिंचाई जल छोड़ा जाता है। इस बार तय तिथि पर पानी नहीं मिलने से हजारों किसान चिंतित हैं और कुरुवई धान की बुवाई प्रभावित होने की आशंका बढ़ गई है।

**कावेरी बेसिन में कमजोर मानसून का असर:** कावेरी जलग्रहण क्षेत्रों में अपेक्षित वर्षा नहीं होने से स्थिति गंभीर हो गई है। कर्नाटक के कबिनी बांध में भी जलस्तर केवल 31.84 फीट है और कुल भंडारण 6.08 टीएमसी दर्ज किया गया है, जिससे आगे जल आपूर्ति की संभावना कमजोर बनी हुई है।

**ऐतिहासिक रूप से गंभीर स्थिति और सरकारी राहत**

पीडब्ल्यूडी के अनुसार यह 61वीं बार है जब तय तिथि पर पानी नहीं छोड़ा गया। इससे पहले 2024 में भी देर से पानी छोड़ा गया था। सरकार ने स्थिति को देखते हुए 134.83 करोड़ रुपये के विशेष कुरुवई सहायता पैकेज की घोषणा की है।

### कृषि और रोजगार पर संभावित संकट:



विशेषज्ञों के अनुसार यदि जल्द पानी नहीं छोड़ा गया तो धान उत्पादन में गिरावट के साथ-साथ कृषि मजदूरों के रोजगार पर भी बड़ा असर पड़ेगा। यह स्थिति ग्रामीण अर्थव्यवस्था को प्रभावित कर सकती है।

### बांध का घटा जलस्तर बना प्रमुख कारण:



इस वर्ष मेट्टूर बांध का जलस्तर मात्र 79.62 फीट दर्ज किया गया, जबकि सिंचाई शुरू करने के लिए 90 फीट का स्तर आवश्यक माना जाता है। जल प्रवाह भी केवल 424 क्यूसेक रहा, जो सामान्य आवश्यकता से काफी कम है।



# पश्चिम एशिया में शांति होने की उम्मीद से कच्चे तेल में नरमी, डब्ल्यूटीआई क्रूड 83.20 डॉलर के स्तर तक फिसला




**नई दिल्ली** (हि.स.)। नई दिल्ली में कच्चे तेल के बाजार में गिरावट का मुख्य कारण ईरान और अमेरिका के बीच शांति वार्ता को लेकर बनी सकारात्मक उम्मीदें रहीं, जिससे वैश्विक आपूर्ति बाधाओं के कम होने के संकेत मिले। डोनाल्ड ट्रंप ने शांति समझौते की संभावना जताकर बाजार धारणा को प्रभावित किया।

**कच्चे तेल की कीमतों में भारी गिरावट:** अंतरराष्ट्रीय बाजार में ब्रेंट क्रूड और डब्ल्यूटीआई दोनों में तीन प्रतिशत से अधिक की गिरावट दर्ज की गई। गिरावट का कारण होर्मुज स्ट्रेट से आपूर्ति सामान्य होने की उम्मीद है। होर्मुज स्ट्रेट के खुलने से वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति सुचारु होने की उम्मीद भी मजबूत हुई।

**डब्ल्यूटीआई क्रूड की स्थिति** डब्ल्यूटीआई क्रूड 86.98 डॉलर से गिरकर 83.20 डॉलर तक पहुंचा और शाम छह बजे 85.35 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा था, जो वैश्विक तेल बाजार की कमजोरी को दर्शाता है। विशेषज्ञ इसे भू-राजनीतिक जोखिम में कमी का संकेत मान रहे हैं। कुल मिलाकर वैश्विक बाजार में कच्चे तेल पर दबाव स्पष्ट दिखाई दिया। है जारी

### ब्रेंट क्रूड का कारोबार

ब्रेंट क्रूड 89.06 डॉलर से शुरू होकर दिन में 85.97 डॉलर तक लुढ़का, जबकि बाद में 88.04 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार करता देखा गया, जिससे बाजार में अस्थिरता बनी रही। दिनभर के उतार-चढ़ाव ने निवेशकों को सतर्क बनाए रखा।

# बॉम्बे कोटेड और स्वराज ग्रीन पावर को आईपीओ के लिए सेबी की मंजूरी

**कंपनी का प्रस्तावित आईपीओ लगभग 191 करोड़ रुपये तक का फ्रेश इश्यू होगा।**




**नई दिल्ली/मुंबई,** (हि.स.)। पूंजी बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने बॉम्बे कोटेड एंड स्पेशल स्टील्स लिमिटेड और स्वराज ग्रीन पावर एंड फ्यूल लिमिटेड के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) को मंजूरी दे दी है। दोनों कंपनियों के शेयर बीएसई और एनएसई पर सूचीबद्ध किए जाएंगे।

**सेबी की मंजूरी:** सेबी के अनुसार, दोनों कंपनियों को 11–12 जून के बीच आईपीओ लाने की अंतिम अनुमति दी गई है।

**उद्योग क्षेत्र:** यह कंपनी ईथेनॉल उत्पादन और चीनी निर्माण से जुड़ी है तथा भारत के इथेनॉल ब्लेंडिंग कार्यक्रम में योगदान देती है।

**बॉम्बे कोटेड का आईपीओ** मुंबई स्थित बॉम्बे कोटेड एंड स्पेशल स्टील्स लिमिटेड का 191 करोड़ रुपये तक का फ्रेश इश्यू प्रस्तावित है। कंपनी स्टील प्रोसेसिंग और वैल्यू-एडेड प्रोडक्ट्स के निर्माण में कार्यरत है।

**स्वराज ग्रीन पावर की योजना** स्वराज ग्रीन पावर एंड फ्यूल लिमिटेड ने मार्च 2026 में सेबी के समक्ष दस्तावेज दाखिल किए थे। इश्यू में फ्रेश इश्यू और ऑफर फॉर सेल शामिल है।

# खुदरा महंगाई दर मई महीने में बढ़कर 3.93 फीसदी पर



**नई दिल्ली** (हि.स.)। नई दिल्ली, 12 जून (हि.स)। देश में खुदरा महंगाई मई महीने में बढ़कर 3.93 प्रतिशत पर पहुंच गई है, जो अप्रैल में 3.48 प्रतिशत थी। यह वृद्धि मुख्य रूप से खाद्य वस्तुओं और सब्जियों, विशेषकर टमाटर, अदरक और कुछ अन्य आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में तेजी के कारण दर्ज की गई है। सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के तहत राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के अनुसार खाद्य महंगाई दर मई में बढ़कर 4.78 प्रतिशत हो गई, जबकि अप्रैल में यह 4.20 प्रतिशत थी। ग्रामीण क्षेत्रों में खाद्य महंगाई 4.85 प्रतिशत रही, जो शहरी क्षेत्रों के 4.66 प्रतिशत से अधिक है। रिपोर्ट में यह भी बताया गया कि सोने-चांदी के आभूषण, किशमिश और मुनक्का जैसी वस्तुओं की कीमतों में भी वृद्धि दर्ज हुई है। वहीं आलू, मटर और कुछ वाहनों की कीमतों में अपेक्षाकृत स्थिरता या कमी देखी गई। आरबीआई ने हाल ही में महंगाई अनुमान को बढ़ाकर 5.1 प्रतिशत कर दिया है।

# भारत ने 'सामाजिक न्याय के लिए वैश्विक गठबंधन' के लक्ष्यों को आगे बढ़ाने के प्रति प्रतिबद्धता दोहराई

**नई दिल्ली,** (हि.स.)।

**▪ भारत ने समावेशी विकास, सामाजिक सुरक्षा और न्यायसंगत श्रम बाजार को बढ़ावा देने के लिए वैश्विक साझेदारी जारी रखने की बात कही।**

-----------------



भारत ने सामाजिक न्याय को लेकर वैश्विक गठबंधन (जीसीएसजे) के लक्ष्यों को आगे बढ़ाने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है। श्रम एवं रोजगार राज्यमंत्री शोभा करंदलाजे ने स्विट्जरलैंड के जेनेवा में आयोजित 114वें अंतरराष्ट्रीय श्रम सम्मेलन में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया।

**वैश्विक सहयोग पर जोर**

**सम्मेलन के दौरान भारत** ने अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन (ILO) और विभिन्न देशों के साथ मिलकर सामाजिक न्याय, समावेशी विकास और श्रमिक हितों को मजबूत करने की दिशा में सहयोग बढ़ाने पर बल दिया। भारत ने सरकारों, नियोक्ताओं और श्रमिक संगठनों के साथ साझेदारी को महत्वपूर्ण बताया।

**द्विपक्षीय बैठकों में चर्चा** करंदलाजे ने ILO के महानिदेशक गिल्बर्ट एफ. होंगबो तथा बांग्लादेश, ब्राजील, मोल्दोवा, स्विट्ज़रलैंड और बेल्जियम के श्रम मंत्रियों से मुलाकात की। इन बैठकों में श्रम सुधारों, सामाजिक सुरक्षा और वैश्विक श्रम मानकों पर चर्चा हुई।

### भारत की भावी प्रतिबद्धता

भारत ने समावेशी विकास, सामाजिक सुरक्षा प्रणालियों को मजबूत करने और जिम्मेदार व्यावसायिक प्रथाओं को बढ़ावा देने के लिए अंतरराष्ट्रीय सहयोग जारी रखने की प्रतिबद्धता जताई। सरकार ने कहा कि वह जीसीएसजे के अगले चरण में सक्रिय भूमिका निभाएगा।

# राशिफल : 13 जून, 2026


मेष -लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। शुभांक-3-6-8


वृष -अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। विद्यार्थियों को लाभ। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। शुभांक-6-7-9


मिथुन-समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। महत्त्वपूर्ण कार्यों को आज ही निबटा लें उसके बाद समय व्ययकारी सिद्घ होगा। शुभांक-3-4-8


कर्क -मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। संतान की उन्नति के योग हैं। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। शुभांक-4-8-9


सिंह -संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। महत्त्वपूर्ण निर्णय के लिए दूरदर्शिता से काम लें। भावनाओं का उद्वेग बढ़ेगा। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात् दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। मेहमानों का आगमन होगा। शुभांक-6-8-9


कन्या -पुराने मित्र से मिलन होगा। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते है। व्यापार में वृद्घि होगी। यश-प्रतिष्ठा में वृद्घि होगी। स्वास्थ्य की ओर विशेष ध्यान रहें। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। शुभांक-4-2-9


तुला -माता पक्ष से विशेष लाभ होगा। रुपए पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। शुभांक-6-8-9


वृश्चिक -नवीन जिम्मेदारी बढने़ के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। स्वास्थ्य का पाया कमजोर बना रहेगा। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-2-6-7


धनु -कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते है। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक स्थलों की यात्रा का योग। अपने काम को प्राथमिकता से करें। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढने़ के अवसर लाभकारी सिद्घ हो रहे हैं। शुभांक-3-7-9


मकर -कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। साथी अथवा यार दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। किसी कार्य विशेष के लिए यात्रा आवश्यक होगी। शुभांक-6-7-8


कुम्भ -शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते हैं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। आलस्य का त्याग करें। काम पर पैनी नजर रखिए। सब्र का फल मीठा होता है अतः धैर्य रखें व अच्छे समय इन्तजार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। किसी सूचना से पूर्ण निर्णय सम्भव। शुभांक-2-5-7


मीन -पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। सफलता मिलेगी। शुभांक-3-7-8

# पंचांग : 13 जून, 2026

13 जून 2026 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति
ग्रह स्थिति
सूर्य वृष में
चंद्र वृष में
मंगल मेष में
बुध मिथुन में
गुरु कर्क में
शुक्र कर्क में
शनि मीन में
राहु कुंभ में
केतु सिंह में
लग्नारंभ समय
मिथुन 05.27 बजे से
कर्क 07.40 बजे से
सिंह 09.57 बजे से
कन्या 12.09 बजे से
तुला 14.19 बजे से
वृश्चिक 16.34 बजे से
धनु 18.50 बजे से
मकर 20.55 बजे से
कुंभ 22.42 बजे से
मीन 00.14 बजे से
मेष 01.45 बजे से
वृष 03.25 बजे से
शनिवार 2026 वर्ष का 164 वां दिन
दिशाशूल पूर्व ऋतु ग्रीष्म।

विक्रम संवत् 2083 शक संवत् 1948
मास ज्येष्ठ पक्ष कृष्ण
तिथि त्रयोदशी 16.08 बजे को समाप्त।
नक्षत्र कृत्तिका 01.17 बजे रात्र को समाप्त।
योग सुकर्मा 17.29 बजे को समाप्त।
करण गर 05.56 बजे, वणिज 16.08 बजे तदनन्तर विष्टि 2.16 बजे रात्र को समाप्त।
चन्द्रायु 24.2 घण्टे
रवि क्रान्ति उत्तर 230 12
सूर्य उत्तरायन
कलि अहर्गण 1872739
जूलियन दिन 2461204.5
कलियुग संवत् 5128
कल्पारंभ संवत् 1972949128
सृष्टि ग्रहारंभ संवत् 1955885128
वीरनिर्वाण संवत् 2552
हिजरी सन् 1447 महीना जिल्हेज
तारीख 27 विशेष मासिक शिवरात्रि।

# ओमान तट पर मिसाइल हमले के बाद भारतीय नाविकों के लिए हेल्पलाइन जारी




**नई दिल्ली,** (हि.स.)। ओमान तट के पास पलाउ ध्वज वाले तेल टैंकर 'एमटी सेटेबेलो' पर हुए मिसाइल हमले के बाद भारत सरकार ने भारतीय नाविकों और उनके परिवारों की त्वरित सहायता के लिए 24×7 सक्रिय हेल्पलाइन नंबर जारी किए हैं। यह कदम संकट की इस गंभीर घड़ी में प्रभावित नाविकों और उनके परिजनों को तत्काल राहत और समन्वित सहायता उपलब्ध कराने के उद्देश्य से उठाया गया है। सरकार ने स्पष्ट किया है कि इस घटना के बाद सभी आवश्यक आपात व्यवस्थाओं को सक्रिय कर दिया गया है और समुद्री सुरक्षा एजेंसियां लगातार स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं। जहाजरानी महानिदेशालय (डीजीएस) के माध्यम से होर्मुज जलडमरूमध्य, ओमान की खाड़ी तथा आसपास के संवेदनशील समुद्री क्षेत्रों की गतिविधियों की चौबीसों घंटे निगरानी की जा रही है, ताकि किसी भी संभावित खतरे का तुरंत आकलन कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। मंत्रालय ने यह भी कहा है कि भारतीय नाविकों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और किसी भी आपात स्थिति में त्वरित सहायता उपलब्ध कराने के लिए सभी संबंधित एजेंसियों को अलर्ट मोड में रखा गया है।

**घटना का विवरण**

----------------

10 जून को ओमान के सोहर से लगभग 20 समुद्री मील उत्तर-पूर्व में स्थित तेल टैंकर पर मिसाइल हमला हुआ था। जहाज पर कुल 28 चालक दल के सदस्य सवार थे, जिनमें 24 भारतीय नागरिक शामिल थे इस दर्दनाक घटना में तीन भारतीय नाविकों की मृत्यु हो गई, जबकि अन्य सभी चालक दल के सदस्यों को सुरक्षित बचा लिया गया।

**सरकार की निगरानी और निर्देश**

जहाजरानी महानिदेशालय (DG Shipping) लगातार होर्मुज जलडमरूमध्य, ओमान की खाड़ी और आसपास के संवेदनशील समुद्री क्षेत्रों की 24 घंटे निगरानी कर रहा है।

----------------------

**सरकार ने सभी जहाज ऑपरेटरों और शिपिंग कंपनियों को निर्देश दिया है कि—**

- समुद्री सुरक्षा नियमों का सख्ती से पालन करें
- जोखिम वाले क्षेत्रों में सतर्कता बढ़ाएं
- किसी भी आपात स्थिति की तुरंत सूचना दें

**सरकार द्वारा जारी हेल्पलाइनः**

- व्हाट्सएप कॉल (MMDAC): +91 8657549760
- वैकल्पिक नंबरः +91 2222613606, +91 8657549752
- शिकायत निवारण टोल-फ्री (घरेलू): 1800-889-7768
- अंतरराष्ट्रीय टोल-फ्रीः +1-888-988-0256
- शिकायत व्हाट्सएप कॉलः +91 8655856830




**सरकार का आश्वासन**

----------------------------------

**भारत सरकार ने कहा है कि वह इस भू-राजनीतिक तनावपूर्ण स्थिति में भारतीय नाविकों और उनके परिवारों के साथ पूरी मजबूती से खड़ी है और उनकी सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है।**



केंद्रीय बंदरगाह, जहाजरानी एवं जलमार्ग मंत्रालय
भारत सरकार

# भारत आज दुनिया की सबसे तेज़ी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में शामिल है : शुभेंदु अधिकारी



**कोलकाता,** (हि.स.)। पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने कहा है कि भारत आज दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में शामिल है। उन्होंने इस उपलब्धि का श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए सरकार के 12 वर्षों के कार्यकाल को दिया।

**रेलवे क्षेत्र में बड़ा विस्तार**

शुभेंदु अधिकारी ने बताया कि पिछले 12 वर्षों में देशभर में 1317 नए और आधुनिकीकृत रेलवे स्टेशन विकसित किए गए हैं। उन्होंने कहा कि वंदे भारत ट्रेनों ने भारतीय रेल की छवि को पूरी तरह बदल दिया है।

**प्रधानमंत्री के बंगाल दौरे की घोषणा:** शुभेंदु अधिकारी ने बताया कि नरेंद्र मोदी इस महीने पश्चिम बंगाल के दो दिवसीय दौरे पर आएंगे। 20 जून को तारकेश्वर में 'बंगाल स्थापना दिवस' कार्यक्रम और 21 जून को कोलकाता में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम में वे शामिल होंगे।

**विमानन और सड़क ढांचे में तेजी:** मुख्यमंत्री ने कहा कि 2014 में जहां देश में 74 हवाई अड्डे थे, वहीं अब उनकी संख्या दोगुने से अधिक हो चुकी है। साथ ही लगभग चार लाख किलोमीटर सड़क निर्माण ने दूरदराज क्षेत्रों को मुख्यधारा से जोड़ा है

**वंदे भारत और आधुनिक रेल नेटवर्क:** उन्होंने बताया कि वर्तमान में 164 से अधिक वंदे भारत ट्रेनें देश में संचालित हो रही हैं। इससे यात्रा समय घटा है और आर्थिक गतिविधियों को गति मिली है।\

**ग्रामीण भारत तक विकास की पहुंच:** उन्होंने दावा किया कि विकास अब केवल महानगरों तक सीमित नहीं है, बल्कि गांवों और सीमावर्ती क्षेत्रों तक पहुंच चुका है। इससे देश की आर्थिक संरचना मजबूत हुई है।

# अल नीनो के मजबूत होने की संभावना, दक्षिण-पश्चिम मानसून पर पड़ सकता है असर

**नई दिल्ली,** (हि.स.)। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने शुक्रवार को पुष्टि की है कि भूमध्यरेखीय प्रशांत महासागर में अल नीनो की स्थिति विकसित हो चुकी है। विभाग के जून बुलेटिन में कहा गया है कि समुद्र सतह का तापमान निर्धारित सीमा से ऊपर पहुंचने के बाद वह स्थिति सक्रिय हो गई है।

**अल नीनो की पुष्टि**

आईएमडी के अनुसार मध्य और पूर्वी प्रशांत महासागर में समुद्र सतह का तापमान लगातार बढ़ रहा है, जिससे अल नीनो की स्थिति स्पष्ट रूप से बन गई है। समुद्र और वायुमंडल की संयुक्त प्रणाली




अब इसके प्रभाव को दर्शा रही है।

**मानसून पर संभावित असर**

मौसम विभाग ने संकेत दिया है कि आगामी दक्षिण-पश्चिम मानसून के दौरान अल नीनो और मजबूत हो सकता है। इसका असर भारत में वर्षा वितरण पर पड सकता है और कई क्षेत्रों में सामान्य से कम बारिश की संभावना जताई जा रही है।

**आईओडी की स्थिति**

हिंद महासागर द्विध्रुव (आईओडी) फिलहाल तटस्थ स्थिति में है। मौसम विभाग के अनुसार पूरे मानसून सीजन में इसके तटस्थ बने रहने की संभावना है, जिससे अल नीनो का प्रभाव और अधिक महत्वपूर्ण हो सकता है।

**विशेषज्ञों की निगरानी**

विशेषज्ञों का कहना है कि अल नीनो और आईओडी दोनों

**01: इसके कारण भारत में मानसूनी बारिश सामान्य से कम होने का खतरा बढ़ सकता है।**

-------------------

**02: हिंद महासागर द्विध्रुव (आईओडी) फिलहाल तटस्थ स्थिति में बना हुआ है।**

-------------------

**03 : पूरे मानसून सीजन में आईओडी के तटस्थ रहने की संभावना व्यक्त की गई है।**

मानसून को प्रभावित करने वाले प्रमुख कारक हैं। इसलिए आने वाले महीनों में इन दोनों जलवायु स्थितियों पर लगातार नजर रखी जाएगी, क्योंकि इनका असर कृषि उत्पादन और जल संसाधनों पर पड़ सकता है।

# भड़काऊ टिप्पणी मामले में अभिषेक बनर्जी के कालीघाट स्थित आवास पहुंची पर सीआईडी, नोटिस

**कॉलकाट** (हि.स.)। अभिषेक बनर्जी के कालीघाट स्थित आवास पर शुक्रवार शाम सीआईडी की टीम पहुंची। अधिकारियों का उद्देश्य कथित भड़काऊ टिप्पणी से जुड़े मामले में नोटिस तामील कराना था। हालांकि, इस दौरान सांसद आवास पर मौजूद नहीं थे।

**चुनावी टिप्पणी से जुड़ा मामला**

यह मामला विधानसभा चुनाव प्रचार के दौरान दिए गए कथित विवादित बयान से संबंधित है। आरोप है कि अभिषेक बनर्जी के बयान को भड़काऊ



और राजनीतिक विरोधियों को उकसाने वाला माना गया, जिसके आधार पर शिकायत दर्ज की गई थी।

**जांच की प्रक्रिया और एजेंसी हस्तांतरण:** शुरुआत में शिकायत बागुईआटी थाने में दर्ज हुई थी, जिसके बाद जांच विधाननगर साइबर क्राइम थाने को सौंपी गई। बाद में मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच की जिम्मेदारी सीआईडी को हस्तांतरित कर दी गई।

**आगे की कार्रवाई की संभावना**

सीआईडी को बताया गया कि सांसद ममता बनर्जी के आवास पर बैठक में गए हैं। अब संभावना है कि जांच एजेंसी उन्हें अगले सप्ताह पूछताछ के लिए तलब कर सकती है। मामले में आगे की कार्रवाई जांच के निष्कर्षों पर निर्भर करेगी।

# मप्र के इंदौर में ब्रिक्स देशों के कृषि मंत्रियों की दो दिवसीय बैठक शुरू

## - कृषि, खाद्य सुरक्षा और सतत कृषि विकास के लिए साझा वैश्विक सहयोग पर हुई सार्थक चर्चा

**इंदौर,** (हि.स.)। मध्य प्रदेश के इंदौर में 9 से 13 जून तक चल रहे ब्रिक्स शिखर सम्मेलन-2026 के तहत शुक्रवार से कृषि कार्य समूह की महत्वपूर्ण दो दिवसीय बैठक शुरू हुई। इससे पहले तीन दिनों तक ब्रिक्स देशों के प्रतिनिधियों की बैठकें आयोजित की गईं। इस बैठक की अध्यक्षता केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने की।




**वैश्विक साझेदारी और "वसुधैव कुटुंबकम" पर जोर**

बैठक में केन्द्रीय कृषि मंत्री ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में "वसुधैव कुटुंबकम" की भावना के साथ वैश्विक सहयोग को मजबूत करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि कृषि, खाद्य सुरक्षा और सतत विकास के लिए ब्रिक्स देशों को मिलकर काम करना होगा।

**छोटे किसानों के सशक्तीकरण पर फोकस:** शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि जलवायु परिवर्तन, संसाधनों पर दबाव और बाजार की अनिश्चितता का सबसे अधिक प्रभाव छोटे और सीमांत किसानों पर पड़ता है। उन्होंने बताया कि भारत में करीब 87 प्रतिशत किसान इसी वर्ग से आते हैं। ऐसे में इन किसानों को मजबूत बनाना वैश्विक खाद्य सुरक्षा के लिए आवश्यक है।

**कृषि उपलब्धियां और नवाचार पर चर्चा:** उन्होंने बताया कि पिछले दशक में भारत का कृषि उत्पादन लगातार बढ़ा है, जिसमें खाद्यान्न उत्पादन 376 मिलियन टन तक पहुंच गया है। उन्होंने प्राकृतिक खेती, ड्रोन तकनीक, स्वयं सहायता समूहों की भूमिका और "ड्रोन दीदी" जैसी पहल को ग्रामीण विकास का महत्वपूर्ण आधार बताया। बैठक से पहले मंत्री ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया।

# शताब्दी एक्सप्रेस पर पथराव, संघ प्रमुख मोहन भागवत भी कर रहे थे इसी ट्रेन में सफर

**फिरोजाबाद,** (हि.स.)

उत्तर प्रदेश के फिरोजाबाद रेलवे स्टेशन के पास लखनऊ शताब्दी एक्सप्रेस पर गुरुवार देर शाम पत्थर फेंके जाने की घटना सामने आई है। इसी ट्रेन से संघ प्रमुख मोहन भागवत भी सफर कर रहे थे। पुलिस ने देर रात तक घटनास्थल के आसपास जांच की है। पुलिस मामले में जांच पड़ताल में जुटी है। लखनऊ से दिल्ली जाने वाली शताब्दी एक्सप्रेस पर पत्थर फेंके जाने की खबर सामने आई है। गुरुवार देर शाम मक्खनपुर और फिरोजाबाद रेलवे स्टेशनों के बीच पैमेश्वर गेट के पास कुछ अज्ञात असामाजिक



तत्वों ने ट्रेन को निशाना बनाया। मामला सामने आते ही रेलवे प्रशासन और सुरक्षा एजेंसियों में खलबली मच गई। इसी ट्रेन में आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत भी सवार थे। संघ प्रमुख कानपुर में एक समारोह में शामिल होने के बाद लखनऊ शताब्दी एक्सप्रेस से दिल्ली जा रहे थे। हालांकि इस घटना में संघ प्रमुख पूरी तरह से सुरक्षित हैं। उन्हें या अन्य किसी यात्री को कोई चोट नहीं लगी है। ट्रेन के टुंडला स्टेशन पहुंचने पर आरपीएफ निरीक्षक अवधेश गोस्वामी ने टीम के साथ कोच का निरीक्षण किया। जांच में पुष्टि हुई है कि केवल बाहरी शीशा टूटा है, सभी यात्री सुरक्षित हैं। इस घटना की जानकारी के बाद पुलिस के आलाधिकारियों, एलआईयू सहित अन्य एजेंसियों ने घटना स्थल पर सीसीटीवी फुटेज खंगालने के साथ ही मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। रेलवे अधिकारियों के अनुसार संघ प्रमुख मोहन भागवत E-1 कोच में सीट नंबर 39, 40 पर सवार थे।

इस सम्बन्ध में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आदित्य लांग्हे का कहना है ट्रेन पर पत्थर फेंके जाने की घटना सामने आई है। इस मामले में सात पुलिस टीमों का गठन किया गया है। सीसीटीवी फुटेज देखे गये है। मामले की जांच कर जो भी आरोपित होगा उसे गिरफ्तार किया जाएगा।

# गोविंदपुरी में पांच मंजिला इमारत में आग, तीन की मौत, पांच लोगों को बचाया गया

**नई दिल्ली।,** (हि.स.)। दक्षिण-पूर्वी दिल्ली के गोविंदपुरी क्षेत्र में तुगलकाबाद एक्सटेंशन स्थित एक पांच मंजिला रिहायशी इमारत में देर रात भीषण आग लग गई। 11 और 12 जून की दरम्यानी रात करीब 2:24 बजे सूचना मिलते ही गोविंदपुरी थाना पुलिस, दमकल विभाग और कैट्स एंबुलेंस मौके पर पहुंचीं। आग लगने के बाद पूरी इमारत घने धुएं से भर गई, जिससे लोग अंदर फंस गए और अफरा-तफरी मच गई।

**बचाव अभियान में आठ लोग सुरक्षित निकाले गए**

पुलिस और दमकल कर्मियों ने




संयुक्त रूप से रेस्क्यू ऑपरेशन चलाकर धुएं में फंसे आठ लोगों को बाहर निकाला। सभी घायलों को सफदरजंग अस्पताल और एम्स ट्रॉमा सेंटर भेजा गया। हादसे में एक 22 वर्षीय युवक और दो महिलाओं की मौत हो गई, जबकि दो अन्य की हालत गंभीर बनी हुई है।

**शॉर्ट सर्किट से आग लगने की आशंका:** प्रारंभिक जांच में भूतल पर बिजली के शॉर्ट सर्किट को आग लगने की संभावित वजह माना जा रहा है। आग ने तेजी से फैलते हुए वहां खड़े सात दोपहिया वाहनों को भी अपनी चपेट में ले लिया, जिनमें एक इलेक्ट्रिक स्कूटर भी शामिल था। इससे पूरे भवन में भारी धुआं फैल गया।

**फॉरेंसिक जांच जारी, सुरक्षा मानकों की पड़ताल**

दमकल विभाग ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। फॉरेंसिक और तकनीकी जांच के बाद ही आग लगने के वास्तविक कारणों की पुष्टि हो सकेगी। साथ ही इमारत की विद्युत व्यवस्था और सुरक्षा मानकों की भी जांच की जा रही है।

# ट्रंप बोले- जल्द खुलेगा होर्मुज, ईरान की चेतावनी- कोई जल्दबाजी न करें।

**अमेरिका(हि.स.)**
अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के ताजा दावों के बीच अमेरिका-ईरान तनाव में फिलहाल कुछ नरमी दिखाई दे रही है। ट्रंप ने दावा किया है कि दोनों पक्षों के बीच एक महत्वपूर्ण समझौते की दिशा में प्रगति हुई है और समझौते के अंतिम रूप लेने के बाद होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोला जा सकता है। हालांकि, ईरान ने इस पर सावधानी बरतने की सलाह देते हुए अमेरिका को जल्दबाजी में कोई कदम नहीं उठाने की चेतावनी दी है।
एक सार्वजनिक कार्यक्रम के दौरान ट्रंप ने कहा कि ईरान के साथ चल रही वार्ताओं में सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। उनके अनुसार, अमेरिका और उसके सहयोगी देशों के बीच इस प्रस्तावित समझौते को लेकर व्यापक सहमति बनी है। ट्रंप ने यह भी संकेत दिया कि आगामी दिनों में यूरोप में एक औपचारिक हस्ताक्षर समारोह आयोजित हो सकता है, हालांकि उन्होंने स्वयं उसमें शामिल होने को लेकर अनिश्चितता जताई। उन्होंने कहा कि अमेरिकी उपराष्ट्रपति और अन्य वरिष्ठ प्रतिनिधि इस प्रक्रिया में भाग ले सकते हैं।
ट्रंप ने दावा किया कि बातचीत का प्रमुख उद्देश्य ईरान के परमाणु कार्यक्रम को लेकर स्थायी समाधान निकालना था और इस दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है। उन्होंने कहा कि यदि समझौता अंतिम रूप लेता है तो क्षेत्रीय स्थिरता को बढ़ावा मिलेगा और अंतरराष्ट्रीय समुद्री व्यापार के लिए महत्वपूर्ण होर्मुज जलडमरूमध्य में सामान्य गतिविधियां फिर से शुरू हो सकेंगी।
दूसरी ओर, ईरानी संसद के स्पीकर और वरिष्ठ वार्ताकार मोहम्मद बाकेर गालिबाफ ने ट्रंप के बयानों पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि किसी भी समझौते को लेकर जल्दबाजी उचित नहीं होगी। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि अमेरिका बिना पर्याप्त विचार-विमर्श के निर्णय लेता है तो स्थिति और अधिक जटिल हो सकती है। गालिबाफ ने कहा कि किसी भी स्थायी समाधान के लिए सभी पक्षों को संयम और जिम्मेदारी का परिचय देना होगा।
गौरतलब है कि इससे पहले ट्रंप ने ईरान पर कड़ा रुख अपनाते हुए संभावित सैन्य कार्रवाई और तेल निर्यात से जुड़े रणनीतिक ठिकानों पर दबाव बढ़ाने की बात कही थी। हालांकि बाद में उन्होंने कहा कि वार्ता प्रक्रिया में प्रगति को देखते हुए सैन्य विकल्पों को फिलहाल आगे नहीं बढ़ाया जा रहा है।
हाल के सप्ताहों में ट्रंप कई बार यह दावा कर चुके हैं कि अमेरिका और ईरान किसी बड़े समझौते के करीब हैं, लेकिन अब तक किसी आधिकारिक समझौते की पुष्टि नहीं हुई है। ऐसे में दुनिया की निगाहें दोनों देशों के अगले कदम और संभावित समझौते पर टिकी हुई है।



# अमेरिका रूस के साथ करेगा डील, यूरोप में आएगी शांति, संभावना प्रबल

**मॉस्को-वॉशिंगटन संवाद की नई उम्मीदें**
वाशिंगटन, रूस ने उम्मीद जताई है कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से यूक्रेन युद्ध को समाप्त करने और रूस-अमेरिका संबंधों को सामान्य बनाने को लेकर कोई ठोस प्रस्ताव जल्द सामने आ सकता है। रूस का कहना है कि ऐसे किसी भी प्रस्ताव पर उसका नेतृत्व सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ विचार करेगा।
विशेषज्ञों का मानना है कि रूस और अमेरिका के बीच लंबे समय से जारी तनाव को कम करने के लिए कूटनीतिक बातचीत एक महत्वपूर्ण कदम हो सकता है। यूक्रेन युद्ध के बाद दोनों देशों के रिश्तों में गहरी खाई आ गई थी, जिसे भरने के लिए उच्चस्तरीय संवाद आवश्यक बताया जा रहा है।

**रूसी राजदूत का बयान**
अमेरिका में रूस के राजदूत अलेक्जेंडर डार्चिएव ने संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि मौजूदा अमेरिकी प्रशासन के तहत रूस और अमेरिका के संबंधों में आंशिक सुधार देखने को मिला है और यह दोनों देशों के लिए एक नया अवसर है।

**प्रस्ताव का इंतजार और यूरोप में शांति की उम्मीद**
डार्चिएव ने कहा कि रूसी सरकार अमेरिकी पक्ष से एक औपचारिक प्रस्ताव का इंतजार कर रही है, जो रूस-अमेरिका संबंधों को सामान्य बनाने के साथ-साथ यूरोप में शांति स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। उन्होंने कहा कि रूस किसी भी पहल पर तुरंत और सकारात्मक रूप से विचार करने के लिए तैयार है। यह भी उल्लेखनीय है कि यूरोप में जारी संघर्ष का असर वैश्विक ऊर्जा बाजार और सुरक्षा व्यवस्था पर भी पड़ रहा है। ऐसे में रूस और अमेरिका के बीच किसी भी सकारात्मक समझौते को अंतरराष्ट्रीय स्थिरता की दिशा में बड़ा कदम माना जाएगा।

डार्चिएव ने यह भी कहा कि मौजूदा परिस्थितियों में दोनों देशों के बीच सीमित स्तर पर राजनयिक संपर्क जारी है और आगे चलकर इसमें विस्तार की संभावना है। उन्होंने संकेत दिया कि यदि राजनीतिक इच्छाशक्ति मजबूत रहती है तो कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर सहमति बन सकती है।

**भविष्य की संभावनाएं और ट्रंप की भूमिका**
राजदूत ने उम्मीद जताई कि भविष्य में किसी समय अमेरिकी राजनयिक की मास्को यात्रा संभव हो सकती है, हालांकि यह पूरी तरह अमेरिकी पहल पर निर्भर करेगा।

# नेपाल में बैंकिंग, बीमा और प्रतिभूति मनी लॉन्ड्रिंग का बड़ा मामला अदालत पहुंचा

**काठमांडू, (हि.स.)**
नेपाल के इतिहास का अब तक का सबसे बड़ा मनी लॉन्ड्रिंग मामला प्रतिभूति, बीमा और बैंकिंग क्षेत्र से जुड़े वित्तीय अपराधों को लेकर विशेष अदालत में पहुंच गया है। संपत्ति शुद्धीकरण (मनी लॉन्ड्रिंग) अनुसन्धान विभाग ने शुक्रवार को 39 लोगों को प्रतिवादी बनाते हुए विशेष अदालत में विस्तृत आरोपपत्र दाखिल किया।
यह मामला कथित तौर पर संगठित वित्तीय अपराध, राजनीतिक संरक्षण और नियामक संस्थाओं को प्रभावित कर अवैध कारोबारी नेटवर्क खड़ा करने से जुड़ा है। विभाग के महानिदेशक निर्मल ढकाल ने बताया कि पांच महीने तक चली गहन जांच के बाद यह कार्रवाई की गई है। उन्होंने कहा कि यह नेपाल के इतिहास का सबसे बड़ा आर्थिक अपराध मामला है, जिसमें अब तक की सबसे बड़ी क्षतिपूर्ति राशि का दावा किया गया है।




आरोपपत्र में हिमालय री-इंश्योरेंस, नेपाल माइक्रो इंश्योरेंस, हिमालयन सिक्योरिटी बैंकर लिमिटेड सहित कई कंपनियों के निदेशकों और वरिष्ठ अधिकारियों को आरोपी बनाया गया है। इसके अलावा नेपाल बीमा प्राधिकरण के पूर्व अध्यक्ष पर भी अवैध वित्तीय लेनदेन में भूमिका निभाने का आरोप है।
मामले में चर्चित व्यवसायी दीपक भट्ट, जिन पर राजनीतिक प्रभाव का उपयोग करने के आरोप लगते रहे हैं, तथा कोविड-19 काल में थर्मल गन कालाबाजारी मामले में चर्चित सुलभ अग्रवाल और उनकी पत्नी सुभी अग्रवाल को भी प्रतिवादी बनाया गया है। कुल 39 लोगों के खिलाफ आरोप दायर किए गए हैं।
विभाग ने दावा किया है कि आरोपियों ने अवैध कारोबार से अर्जित धन को वैध बनाने और वित्तीय प्रणाली का दुरुपयोग कर भारी धन शोधन किया।

# नेपाल एयरलाइंस के पांच निदेशकों की नियुक्तिसुप्रीम कोर्ट ने रद्द की दिया ऐतिहासिक फैसला

**काठमांडू, (हि.स.)**
काठमांडू में नेपाल सर्वोच्च न्यायालय ने शुक्रवार को एक महत्वपूर्ण निर्णय सुनाते हुए नेपाल एयरलाइंस की संचालन समिति के पांच सदस्यों की नियुक्ति को रद्द कर दिया। अदालत ने कहा कि चयन प्रक्रिया में पारदर्शिता, योग्यता क्रम और सुशासन के मूल सिद्धांतों का गंभीर उल्लंघन हुआ है।
यह नियुक्तियाँ सरकार द्वारा लगभग एक महीने पहले संस्कृति, पर्यटन एवं नागरिक उड्डयन मंत्रालय के माध्यम से मंत्री स्तरीय निर्णय के तहत की गई थीं।

**सरकारी नियुक्ति और चयन प्रक्रिया**
संस्कृति, पर्यटन एवं नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने हाल ही में नेपाल एयरलाइंस की संचालन समिति में डॉ. दीपक प्रसाद बस्तोला, प्रवीण भट्टराई, महेश्वर भक्त श्रेष्ठ, रूपा लामिछाने और लीलाराज धकाल को नियुक्त किया था। यह निर्णय एयरलाइन के प्रशासनिक संचालन और रणनीतिक प्रबंधन को मजबूत करने के उद्देश्य से लिया गया था।
हालांकि, इस चयन प्रक्रिया में मेरिट सूची और परीक्षा परिणामों के आधार पर चयन को लेकर विवाद उत्पन्न हो गया, जिसके बाद मामला न्यायालय तक पहुंचा।




**याचिकाकर्ता का दावा और कानूनी चुनौती**
इस नियुक्ति प्रक्रिया को उपेंद्र कार्की ने उपेंद्र कार्की के माध्यम से चुनौती दी। उनका कहना था कि गोपनीय मूल्यांकन फार्म के अनुसार वे योग्यता सूची में प्रथम स्थान पर थे और उन्होंने सर्वाधिक अंक प्राप्त किए थे। इसके बावजूद उन्हें चयन प्रक्रिया से बाहर रखा गया, जबकि उनसे कम अंक प्राप्त करने वाले उम्मीदवारों को समिति में नियुक्त किया गया। याचिकाकर्ता ने आरोप लगाया कि यह निर्णय पूरी तरह मनमाना और नियमों के विपरीत था, जिसके चलते उन्होंने सर्वोच्च न्यायालय में रिट याचिका दायर की।

**सर्वोच्च न्यायालय की टिप्पणी**
न्यायाधीश टेक प्रसाद ढुंगाना और शांति सिंह थापा की पीठ ने मामले की सुनवाई करते हुए स्पष्ट कहा कि चयन प्रक्रिया में योग्यता क्रम को दरकिनार किया गया, जो प्रशासनिक निष्पक्षता के सिद्धांतों का उल्लंघन है। अदालत ने अपने आदेश में कहा कि यदि किसी उम्मीदवार को प्रथम स्थान प्राप्त होने के बावजूद नियुक्त नहीं किया जाता है, तो उसके लिए स्पष्ट और तर्कसंगत कारण होना आवश्यक है। लेकिन इस मामले में सरकार की ओर से ऐसा कोई आधार प्रस्तुत नहीं किया गया, जिससे निर्णय की वैधता पर सवाल उठे।

**नियुक्तियों को रद्द करने का आदेश**
अदालत ने स्पष्ट रूप से कहा कि चयन प्रक्रिया में पारदर्शिता की कमी और मनमानी निर्णय लेने के कारण पूरी नियुक्ति प्रक्रिया त्रुटिपूर्ण है।

**आगे की कार्रवाई और प्रभाव**
न्यायालय ने प्रतिवादियों के नाम परमादेश जारी करते हुए आदेश दिया कि निर्णय की प्रति तुरंत संबंधित पक्षों को उपलब्ध कराई जाए। इस फैसले का सीधा असर नेपाल एयरलाइंस के प्रशासनिक ढांचे पर पड़ने की संभावना है, क्योंकि अब पूरी चयन प्रक्रिया को दोबारा से पारदर्शी तरीके से शुरू करना होगा। इस निर्णय को नेपाल में सरकारी नियुक्तियों में पारदर्शिता और जवाबदेही के लिहाज से एक महत्वपूर्ण न्यायिक हस्तक्षेप माना जा रहा है।

# प्रचंड बाबूराम के खिलाफ परमादेश





**काठमांडू, (हि.स.)**
पूर्व बाल सैनिकों से जुड़े एक पुराने मामले में नेपाल के उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को महत्वपूर्ण फैसला सुनाते हुए परमादेश जारी किया है। इस आदेश के बाद देश के दो पूर्व प्रधानमंत्रियों एवं माओवादी नेताओं पुष्प कमल दहाल 'प्रचंड' और डॉ. बाबूराम भट्टराई के खिलाफ कानूनी कार्रवाई का मार्ग प्रशस्त हो गया है।
यह याचिका माओवादी सशस्त्र संघर्ष के दौरान बाल सैनिक रहे लेनिन बिष्ट सहित अन्य पूर्व बाल सैनिकों की ओर से दायर की गई थी। याचिका में आरोप लगाया गया था कि सशस्त्र संघर्ष के समय नाबालिगों की भर्ती अंतरराष्ट्रीय मानकों और मानवाधिकार नियमों का उल्लंघन थी। इसी मामले में प्रचंड और बाबूराम भट्टराई को भी प्रतिवादी बनाया गया था।
उच्चतम न्यायालय ने याचिकाकर्ताओं के पक्ष में फैसला देते हुए रिट याचिका में उठाई गई मांगों के अनुरूप परमादेश जारी किया। हालांकि, अदालत ने अभी अपने पूर्ण फैसले का विस्तृत पाठ सार्वजनिक नहीं किया है, जिससे आदेश के कानूनी प्रभावों को लेकर पूरी स्पष्टता आनी बाकी है।
इस निर्णय को नेपाल के माओवादी सशस्त्र संघर्ष से जुड़े मामलों में एक महत्वपूर्ण मोड़ माना जा रहा है। माना जा रहा है कि इस फैसले के बाद पूर्व बाल सैनिकों से जुड़े आरोपों की जांच और कानूनी प्रक्रिया आगे बढ़ सकती है।
फैसले के बाद लेनिन बिष्ट ने सोशल मीडिया पर प्रतिक्रिया देते हुए न्यायालय के निर्णय का स्वागत किया और इसे न्याय की दिशा में बड़ी जीत बताया। उन्होंने संघर्ष के दौरान प्रभावित सभी पूर्व बाल सैनिकों के प्रति एकजुटता और समर्थन के लिए आभार भी व्यक्त किया।
अब सभी की नजर उच्चतम न्यायालय के विस्तृत फैसले पर टिकी हुई है, जिसके बाद आगे की कानूनी स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

# ट्रंप ने ईरान पर प्रस्तावित हमले रोके, कहा दोनों देश समझौते के बेहद करीब पहुंचे।

## ट्रंप का दावा: ईरान पर सैन्य कार्रवाई टली, वार्ता में बड़ी प्रगति से समझौते की संभावना मजबूत हुई।

**वॉशिंगटन, (हि.स.)**
पश्चिम एशिया में लगातार बढ़ते तनाव के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने घोषणा की है कि ईरान के खिलाफ प्रस्तावित सैन्य हमलों और बमबारी की योजना को फिलहाल रोक दिया गया है। ट्रंप ने कहा कि ईरान के साथ जारी वार्ताएं निर्णायक चरण में पहुंच चुकी हैं और कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर सहमति बनने की दिशा में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। उनके इस बयान को क्षेत्र में तनाव कम करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण संकेत माना जा रहा है।
सोशल मीडिया मंच 'ट्रुथ सोशल' पर जारी अपने संदेश में ट्रंप ने बताया कि ईरान के शीर्ष नेतृत्व के साथ हुई बातचीत के बाद उन्होंने प्रस्तावित सैन्य कार्रवाई को स्थगित करने का फैसला लिया। उन्होंने कहा कि समझौते की संभावित रूपरेखा पर विस्तृत चर्चा हुई है और कई जटिल मुद्दों पर सकारात्मक माहौल बना है। ट्रंप के अनुसार, यदि बातचीत इसी दिशा में आगे बढ़ती रही तो निकट भविष्य में एक व्यापक समझौते की घोषणा की जा सकती है।
अमेरिकी राष्ट्रपति ने यह भी कहा कि इस कूटनीतिक पहल में केवल अमेरिका ही नहीं, बल्कि इजराइल, सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, कतर, तुर्किये, पाकिस्तान, बहरीन, कुवैत, जॉर्डन और मिस्त्र जैसे देशों ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने दावा किया कि क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय सहयोग के कारण वार्ता प्रक्रिया को गति मिली है।
हालांकि ट्रंप ने स्पष्ट किया कि क्षेत्र में लागू नौसैनिक नाकाबंदी अभी जारी रहेगी और अंतिम समझौते पर औपचारिक हस्ताक्षर होने तक किसी प्रकार की ढील नहीं दी जाएगी। उन्होंने कहा कि सुरक्षा और रणनीतिक हितों को ध्यान में रखते हुए यह कदम आवश्यक है। साथ ही उन्होंने संकेत दिया कि समझौते से संबंधित अगली महत्वपूर्ण घोषणाएं जल्द सामने आ सकती हैं।
इस बीच अमेरिकी सेंट्रल कमांड (सेंटकॉम) ने होर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर महत्वपूर्ण दावा किया है। सेंटकॉम के अनुसार, यह रणनीतिक समुद्री मार्ग अंतरराष्ट्रीय व्यापारिक जहाजों के लिए खुला है और सुरक्षित नौवहन जारी है। अमेरिकी पक्ष का कहना है कि पिछले दो महीनों के दौरान सैकड़ों वाणिज्यिक जहाज बिना किसी बड़ी बाधा के इस मार्ग से होकर गुजर चुके हैं, जिससे वैश्विक व्यापारिक गतिविधियां सामान्य बनी हुई हैं।

# भारतीय हॉकी के लिए रोमांचक हैं, अगले दो सप्ताह, पुरुष-महिला टीमों के होंगे कई अंतरराष्ट्रीय मुकाबले

**नई दिल्ली, (हि.स.)**
भारतीय हॉकी के लिए आगामी दो सप्ताह बेहद महत्वपूर्ण और रोमांचक रहने वाले हैं। 14 से 28 जून के बीच भारतीय पुरुष और महिला हॉकी टीमें अलग-अलग महाद्वीपों में प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेंगी। इस दौरान हॉकी प्रेमियों को लगभग प्रतिदिन भारतीय टीमों के मुकाबले देखने का अवसर मिलेगा।
इन टूर्नामेंटों को इस वर्ष होने वाले विश्व कप और एशियाई खेलों की तैयारियों के लिहाज से भी काफी अहम माना जा रहा है।
भारतीय पुरुष हॉकी टीम यूरोप में आयोजित एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2025-26 में अपनी चुनौती पेश करेगी। टीम की शुरुआत 14 जून को रॉटरडैम में विश्व की नंबर-1 टीम नीदरलैंड के खिलाफ मुकाबले से होगी। इसके बाद भारत 17 और 18 जून को मौजूदा विश्व चैंपियन जर्मनी से लगातार दो मैच खेलेगा। प्रो लीग के अगले चरण में भारतीय टीम एक बार फिर नीदरलैंड का सामना करेगी, जबकि 23 और 26 जून को पारंपरिक प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ बहुप्रतीक्षित मुकाबले होंगे। इंग्लैंड के खिलाफ भी भारत को दो मैच खेलने हैं, जिससे टीम को शीर्ष स्तर की प्रतिस्पर्धा का अनुभव मिलेगा।
विशेषज्ञों का मानना है कि प्रो लीग के ये मुकाबले भारतीय टीम के लिए अपनी रणनीति, संयोजन और खिलाड़ियों की क्षमता को परखने का बेहतरीन अवसर होंगे। खासकर पाकिस्तान के खिलाफ मुकाबलों पर दुनियाभर के हॉकी प्रशंसकों की नजरें रहेंगी।
वहीं भारतीय महिला हॉकी टीम न्यूजीलैंड के ऑकलैंड में आयोजित एफआईएच महिला हॉकी नेशंस कप में भाग लेगी। इस प्रतियोगिता का महत्व इसलिए भी अधिक है क्योंकि इसका विजेता अगले सत्र की एफआईएच प्रो लीग में स्थान प्राप्त करेगा। भारतीय महिला टीम 15 जून को अमेरिका के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी। इसके बाद 16 जून को जापान और 18 जून को उरुग्वे से मुकाबला होगा। 20 और 21 जून को नॉकआउट तथा वर्गीकरण मुकाबले खेले जाएंगे।
महिला टीम के लिए यह टूर्नामेंट अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी स्थिति मजबूत करने और प्रो लीग में वापसी का सुनहरा अवसर माना जा रहा है। टीम का लक्ष्य न केवल बेहतर प्रदर्शन करना है, बल्कि खिताब जीतकर विश्व हॉकी में अपनी दावेदारी भी मजबूत करना है।
पूर्व भारतीय ड्रैग-फ्लिकर रूपिंदर पाल सिंह ने कहा कि यह समय खिलाड़ियों और प्रशंसकों दोनों के लिए बेहद खास है क्योंकि हर मुकाबला महत्वपूर्ण है और टीमों को अपनी क्षमता साबित करने का अवसर देगा। वहीं पूर्व कप्तान रानी ने दोनों भारतीय टीमों के एक साथ बड़े अंतरराष्ट्रीय मंचों पर खेलने को भारतीय हॉकी की बढ़ती ताकत और गहराई का प्रतीक बताया।



# भारतीय टीम मजबूत, लेकिन जीत के इरादे से उतरेगा अफगानिस्तान : शहीदी



**धर्मशाला,**
भारत और अफगानिस्तान के बीच होने वाले बहुप्रतीक्षित मुकाबले से पहले अफगानिस्तान के कप्तान अशमतुल्लाह शहीदी ने भारतीय टीम को विश्व क्रिकेट की सबसे मजबूत टीमों में से एक बताते हुए कहा कि उनकी टीम इस चुनौतीपूर्ण मुकाबले को सीखने और खुद को परखने के अवसर के रूप में देख रही है। उन्होंने विश्वास जताया कि अफगानिस्तान की टीम जीत के इरादे और पूरे आत्मविश्वास के साथ मैदान में उतरेगी।

**भारत के खिलाफ अभियान की शुरुआत बड़ी चुनौती**
धर्मशाला में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में शहीदी ने कहा कि विश्व कप-2027 अभियान की शुरुआत भारत जैसी मजबूत टीम के खिलाफ होना आसान नहीं है। भारतीय टीम हर विभाग में संतुलित और अनुभवी खिलाड़ियों से सुसज्जित है। ऐसे में यह मुकाबला अफगानिस्तान के खिलाड़ियों को अपनी क्षमताओं का आकलन करने और भविष्य की रणनीति तय करने में मदद करेगा। उन्होंने कहा कि भारत के खिलाफ खेलना हमेशा किसी भी टीम के लिए बड़ी परीक्षा होती है।

**स्पिन गेंदबाजों से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद**
अफगान कप्तान ने धर्मशाला की परिस्थितियों को लेकर भी अपनी राय साझा की। उन्होंने कहा कि भारत की पिचें सामान्य तौर पर स्पिन गेंदबाजों को मदद प्रदान करती हैं और उनकी टीम के पास विश्वस्तरीय स्पिन आक्रमण मौजूद है। शहीदी ने उम्मीद जताई कि उनके स्पिनर इस मैदान पर प्रभावी प्रदर्शन करेंगे और भारतीय बल्लेबाजों को चुनौती देने में सफल रहेंगे। उन्होंने बताया कि वर्ष 2023 के विश्व कप के दौरान भी वह धर्मशाला में खेल चुके हैं, इसलिए यहां की परिस्थितियों से अच्छी तरह परिचित हैं।

**गुणवत्तापूर्ण क्रिकेट खेलने पर फोकस**
शहीदी ने कहा कि उनकी टीम का पूरा ध्यान बेहतर और प्रतिस्पर्धी क्रिकेट खेलने पर है। उन्होंने कहा कि भारत जैसी मजबूत टीम के खिलाफ सफलता हासिल करने के लिए खिलाड़ियों को अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की आवश्यकता होगी।
अफगानिस्तान की टीम ने मुकाबले के लिए पूरी तैयारी की है और खिलाड़ी मैदान पर अपना शत-प्रतिशत देने के लिए तैयार हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि दर्शकों को एक रोमांचक और उच्चस्तरीय मुकाबला देखने को मिलेगा।

**धर्मशाला में मिलता है घरेलू माहौल**
धर्मशाला से अपने विशेष जुड़ाव का उल्लेख करते हुए शहीदी ने कहा कि भारत उनके लिए दूसरे घर की तरह है। उन्होंने बताया कि धर्मशाला की भौगोलिक बनावट और मौसम काफी हद तक अफगानिस्तान से मेल खाते हैं। यही कारण है कि यहां खेलते समय उन्हें घरेलू मैदान जैसा अनुभव होता है। उन्होंने कहा कि यह अनुकूल माहौल टीम के खिलाड़ियों का आत्मविश्वास बढ़ाने में मदद करता है और उन्हें बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित करता है।

# दक्षिण कोरिया की शानदार वापसी, चेक गणराज्य को 2-1 से हराया

**ग्वाडलाहारा, 12 जून (हि.स.)।**
फीफा विश्व कप 2026 के एक रोमांचक मुकाबले में दक्षिण कोरिया ने शानदार वापसी करते हुए चेक गणराज्य को 2-1 से हराकर महत्वपूर्ण जीत दर्ज की। ग्वाडलाहारा स्टेडियम में खेले गए इस मैच में ह्वांग इन-बोम ने एक गोल करने और एक गोल में सहायता देकर जीत में निर्णायक भूमिका निभाई।
पहले हाफ में दोनों टीमें अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर सकीं और कोई भी गोल नहीं हुआ। दर्शकों को भी पहले 45 मिनट में ज्यादा रोमांच देखने को नहीं मिला। हालांकि दूसरे हाफ में मैच पूरी तरह बदल गया। 59वें मिनट में चेक गणराज्य के कप्तान लादिस्लाव क्रेज़ी ने पेनल्टी क्षेत्र में मिले लंबे थ्रो पर शानदार हेडर लगाकर अपनी टीम को 1-0 की बढ़त दिलाई।




दक्षिण कोरिया ने हार नहीं मानी और 67वें मिनट में ह्वांग इन-बोम ने बेहतरीन व्यक्तिगत कौशल का प्रदर्शन करते हुए दो रक्षकों को पछाड़कर शानदार गोल दागा और स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया। इसके बाद 80वें मिनट में ह्वांग के सटीक क्रॉस पर ओ ह्योन-ग्यू ने गोल कर कोरिया को 2-1 की बढ़त दिला दी।
सोन ह्युंग-मिन की अगुआई में कोरिया ने पूरे मैच में गेंद पर बेहतर नियंत्रण बनाए रखा और अधिक मौके बनाते हुए जीत अपने नाम की।

## मेक्सिको ने दक्षिण अफ्रीका को हराया

**मेक्सिको सिटी, (हि.स.)**
फीफा विश्व कप 2026 के उद्घाटन मुकाबले में मेक्सिको ने घरेलू मैदान पर शानदार प्रदर्शन करते हुए दक्षिण अफ्रीका को 2-0 से हरा दिया। एस्टादियो एज़्टेका में खेले गए मैच में जूलियन क्विनोनेस ने नौवें मिनट में गोल कर मेक्सिको को शुरुआती बढ़त दिलाई। दूसरे हाफ में दक्षिण अफ्रीका के याया सिथोले को लाल कार्ड मिलने से टीम दबाव में आ गई। इसके बाद राउल जिमेनेज़ ने 67वें मिनट में गोल कर बढ़त दोगुनी कर दी। मैच में दक्षिण अफ्रीका के थेम्बा ज्वाने और मेक्सिको के सेसर मोंटेस को भी लाल कार्ड दिखाया गया।

## ब्रास सिटी, सीएसएस विजयी



**मुरादाबाद, (हि.स.)।**
अंडर-12 समर क्रिकेट कप में शुक्रवार को ब्रास सिटी क्रिकेट एकेडमी और सीएसएस क्रिकेट एकेडमी ने शानदार जीत दर्ज की। पहले मैच में ब्रास सिटी ने यूथ क्रिकेट एकेडमी को 190 रन से हराया। ब्रास सिटी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 30 ओवर में 242/6 का स्कोर बनाया, जिसमें मो. अरबाज ने 48 गेंदों पर नाबाद 97 रन, नीतीश कुमार ने 58 और अंश औलख ने 36 रन बनाए। जवाब में यूथ क्रिकेट एकेडमी की टीम 52 रन पर सिमट गई। मयंक कुमार और मयंक सैनी ने तीन-तीन विकेट लिए। मो. अरबाज मैन ऑफ द मैच बने।
दूसरे मुकाबले में सीएसएस क्रिकेट एकेडमी ने नेक्स्ट जनरेशन क्रिकेट एकेडमी को 17 रन से हराया। सीएसएस ने 175/8 रन बनाए, जिसमें मन्नान उमर ने 57 रन की पारी खेली। जवाब में नेक्स्ट जनरेशन की टीम 158 रन पर ऑलआउट हो गई। मेराज ने तीन विकेट लेकर मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार हासिल किया।

# केन विलियमसन का संन्यास, 16 साल का ऐतिहासिक करियर समाप्त

**वेलिंगटन, (हि.स.)**
न्यूजीलैंड क्रिकेट के सबसे सफल बल्लेबाजों में शामिल Kane Williamson ने शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से तत्काल प्रभाव से संन्यास की घोषणा कर दी। 35 वर्षीय विलियमसन ने 16 वर्षों तक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपने शानदार प्रदर्शन से विश्व क्रिकेट पर अमिट छाप छोड़ी।
साल 2010 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण करने वाले विलियमसन ने अपने करियर में तीनों प्रारूपों को मिलाकर 378 मैच खेले और 19,346 रन बनाए। इस दौरान उन्होंने 48 शतक और छह दोहरे शतक जड़े। इससे पहले वह टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले चुके थे और अब उन्होंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को पूरी तरह अलविदा कह दिया है।



संन्यास की घोषणा करते हुए विलियमसन ने कहा कि उन्होंने इस फैसले पर लंबे समय तक विचार किया। उनके अनुसार अब वह पहले जैसी ऊर्जा और प्रतिबद्धता के साथ टीम को योगदान नहीं दे सकते, इसलिए यही सही समय है। उन्होंने न्यूजीलैंड टीम के प्रति गहरा लगाव जताते हुए कहा कि टीम में भविष्य में बड़ी उपलब्धियां हासिल करने की क्षमता मौजूद है।
कप्तान के रूप में भी विलियमसन का रिकॉर्ड शानदार रहा। उन्होंने टेस्ट क्रिकेट में 40 मैचों में कप्तानी करते हुए 22 जीत दर्ज कीं। वनडे में 91 मुकाबलों में 46 जीत दिलाई, जबकि टी-20 अंतरराष्ट्रीय में 75 मैचों में 39 जीत के साथ वह न्यूजीलैंड के सबसे सफल कप्तानों में शामिल रहे।
उनकी कप्तानी में न्यूजीलैंड ने 2019 विश्व कप और 2021 टी-20 विश्व कप के फाइनल में जगह बनाई, जबकि 2021 में विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का ऐतिहासिक खिताब भी जीता। 2019 विश्व कप में उन्हें प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट चुना गया था। विलियमसन का नाम न्यूजीलैंड क्रिकेट इतिहास के महानतम खिलाड़ियों में हमेशा सम्मान के साथ लिया जाएगा।

## फीफा विश्व कप 2026 : 60 वर्षीय इंतजार खत्म करेगा इंग्लैंड



**नई दिल्ली, (हि.स.)**
फीफा विश्व कप 2026 में इंग्लैंड 1966 के बाद पहला खिताब जीतने के लक्ष्य के साथ मैदान में उतरेगा। जर्मन कोच थॉमस ट्यूशेल के नेतृत्व में टीम ने क्वालीफायर में शानदार प्रदर्शन करते हुए सभी मैच जीते और एक भी गोल नहीं खाया। कप्तान हैरी केन, बुकायो साका, मार्कस रैशफोर्ड और जूड बेलिंघम जैसे स्टार खिलाड़ियों पर बड़ी जिम्मेदारी होगी। मिडफील्ड में डेक्लान राइस टीम की धुरी रहेंगे। हालांकि रक्षा पंक्ति की चोट संबंधी समस्याएं चिंता का विषय हैं। इंग्लैंड अपना पहला मैच 18 जून को क्रोएशिया के खिलाफ खेलेगा।

# अफगानिस्तान प्रीमियर लीग 27 दिसंबर से, फ्रेंचाइजी निवेश के लिए वैश्विक आवेदन आमंत्रित

**नई दिल्ली, (हि.स.)।**
अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड (एसीबी) ने अफगानिस्तान प्रीमियर लीग (एपीएल) के पहले सत्र की आधिकारिक घोषणा कर दी है। यह बहुप्रतीक्षित टी-20 लीग 27 दिसंबर 2026 से संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में शुरू होगी। एसीबी इसे अफगान क्रिकेट के विकास और वैश्विक पहचान को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मान रहा है। टूर्नामेंट में पांच फ्रेंचाइजी टीमें हिस्सा लेंगी, जो काबुल, कंधार, बल्ख, पक्तिया और नंगरहार जैसे प्रमुख क्रिकेट क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व करेंगी। बोर्ड ने दुनिया भर के निवेशकों, खेल उद्यमियों और व्यावसायिक साझेदारों को फ्रेंचाइजी स्वामित्व प्रक्रिया में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया है। इच्छुक पक्षों को 30 जून तक अपने प्रस्ताव जमा करने होंगे।



हाल के वर्षों में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अफगानिस्तान का प्रदर्शन लगातार बेहतर हुआ है। राष्ट्रीय टीम ने वैश्विक स्तर पर अपनी मजबूत पहचान बनाई है, जबकि कई अफगान खिलाड़ी दुनिया की प्रमुख टी-20 लीगों में सफलतापूर्वक खेल रहे हैं। ऐसे में एपीएल को अफगान क्रिकेट के लिए एक नए युग की शुरुआत माना जा रहा है। एसीबी अध्यक्ष मिरवाइस अशरफ ने कहा कि अफगानिस्तान प्रीमियर लीग केवल एक टूर्नामेंट नहीं, बल्कि अफगान क्रिकेट के लिए दीर्घकालिक रणनीतिक परियोजना है। उनका लक्ष्य एक ऐसी वैश्विक क्रिकेट संपत्ति तैयार करना है, जो स्थानीय प्रतिभाओं को मंच प्रदान करे, अंतरराष्ट्रीय निवेश आकर्षित करे और खेल के सतत विकास में योगदान दे।
यूएई में आयोजन होने से लीग को विश्वस्तरीय स्टेडियम, आधुनिक प्रसारण सुविधाओं और व्यापक दर्शक वर्ग का लाभ मिलेगा।